●वर्ष : 16 ●अंक : 193 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHIN/2008/23928

# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

रविवार 03 नवम्बर 2024

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### पंजाब में पराली जलाने के एक दिन में सबसे अधिक 587 मामले दर्ज

नूना न्यूज एजेंसी

**पंजाब।** में खरीफ के चालू सत्र में शुक्रवार को पराली जलाने की घटनाओं में सबसे बड़ी वृद्धि देखी गई और कुल 587 मामले दर्ज किए गए। पंजाब दूर संवेदी केंद्र के आंकड़ों के मुताबिक, 15 सितंबर से एक नवंबर तक राज्य में पराली जलाने की 3,537 घटनाएं दर्ज की गईं। आंकड़ों के मुताबिक, शुक्रवार को पराली जलाने के संगरूर में 79, फिरोजपुर में 70, तरन-तारन में 59, अमृतसर में 40, बठिंडा में 34, कपूरथला में 43, मानसा में 47 और पटियाला में 40 मामले सामने आए। वहीं, फाजिल्का, रूपनगर और पठानकोट जिले में पराली जलाने का एक-एक मामला दर्ज किया गया। मौजूदा सत्र में इससे पहले सबसे ज्यादा 484 मामले बृहस्पतिवार को सामने आए थे, जिसमें संगरूर जिले में सबसे ज्यादा 89 मामले सामने आए। उसके बाद फिरोजपुर में 65 और मानसा में 40 मामले सामने आए थे। पिछले कुछ दिनों में पराली जलाने के मामलों में भारी वृद्धि हुई है।

### फरीदाबाद में पटाखे जलाने का विरोध करने पर एक बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या



नूना न्यूज एजेंसी

**हरियाणा।** के फरीदाबाद के सेक्टर-18 के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में बृहस्पतिवार रात पटाखे जलाने से मना करने पर एक बुजुर्ग की कथित रूप से पीट-पीटकर हत्या कर दी गयी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बुजुर्ग के बेटे विनोद की शिकायत के हवाले से बताया कि बीती रात उनके पड़ोस में रहने वाले राजू, धीरज और नंदू बड़े-बड़े पटाखे उनके घर के आगे जला रहे थे, जिस पर उनके पिता ने उन्हें ऐसा करने से मना किया। शिकायतकर्ता के अनुसार ऐसे में वे लोग झगड़े पर उतारू हो गए। तब उसने किसी तरह से बीच-बचाव किया, लेकिन देर रात करीब एक बजे फिर वे उनके ही गेट पर बड़े-बड़े पटाखे जलाने लगे। इसके बाद उनके पिता ने फिर उन्हें पटाखे जलाने से रोका। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इसी बात को लेकर उन्होंने उनके पिता को घर से बाहर खींच लिया और उनकी पिटाई शुरू कर दी। शोर सुनकर वह एवं उनकी पत्नी भी बाहर आए, तो उन्होंने उन पर भी हमला कर दिया। हमले में उनके पिता को काफी गंभीर चोट आई, जिन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। प्रवक्ता के अनुसार पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## 25 नवंबर से संसद के शीतकालीन सत्र की शुरूआत

### कई अहम बिलों पर होगी चर्चा

नूना न्यूज एजेंसी



**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र इस महीने के अंत में 25 नवंबर को शुरू होने की संभावना है और 20 दिसंबर तक चल सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बार एक विशेष कार्यक्रम होगा, जिसमें सांसद एक दिन के लिए पुराने संसद भवन में मिल सकते हैं। संविधान को अपनाने के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 26 नवंबर को लोकसभा और राज्यसभा का संयुक्त सत्र बुलाया जाएगा। यह विशेष सत्र संभवतः पुराने संसद भवन के सेंट्रल हॉल में आयोजित किया जाएगा, जहां भारतीय संविधान को 26 नवंबर 1949 को अपनाया गया था। इस दिन को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है और 26 जनवरी 1950 को भारतीय संविधान पूर्ण रूप से लागू हुआ। दिलचस्प बात यह है कि सत्तारूढ़ एनडीए और विपक्षी गठबंधन दोनों ही खुद को संविधान के रक्षक के रूप में पेश करने की कोशिश कर रहे हैं। बीजेपी और कांग्रेस दोनों ही एक-दूसरे को संविधान का दुश्मन बताने में कोई कसर नहीं छोड़ते। इस लोकसभा चुनाव में विपक्ष ने यह बात फैलाने की कोशिश की कि अगर मोदी सरकार दोबारा सत्ता में आई तो संविधान खतरे में पड़ जाएगा। वहीं, मोदी सरकार ने इस साल जुलाई में 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की, ताकि आपातकाल के काले दिनों को याद किया जा सके। इस पृष्ठभूमि में आगामी संसद सत्र और विशेष सत्र में होने वाली चर्चा इस बार काफी महत्वपूर्ण रहने की संभावना है। गौरतलब है कि शीतकालीन सत्र के दौरान कथित तौर पर 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' प्रस्ताव और वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर जोरदार चर्चा होगी। इससे पहले, गृह मंत्री अमित शाह ने वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर बोलते हुए कहा कि यह विधेयक संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान पारित किया जाएगा। गुड़गांव के बादशाहपुर इलाके में एक चुनावी रैली में बोलते हुए, शाह ने टिप्पणी की, "वक्फ बोर्ड कानून... हम इसे संसद के अगले सत्र में ठीक कर देंगे।

## ज्वलंत मुद्दा

### सम्पादकीय



### भारत के आर्थिक विकास में जनजाति समाज का है भरपूर योगदान

भारत भूमि का एक बड़ा हिस्सा वनों एवं जंगलों से आच्छादित है। भारतीय नागरिकों को प्रकृति का यह एक अनोखा उपहार माना जा सकता है। इन वनों एवं जंगलों की देखभाल मुख्य रूप से जनजाति समाज द्वारा की जाती रही है। जनजाति समाज की विकास यात्रा अपनी भूख मिटाने एवं अपने को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से केवल वनों के इर्द गिर्द चलती रहती है। वास्तविक अर्थों में इसीलिए जनजाति समाज को धरतीपुत्र भी कहा जाता है। प्राचीन काल से केवल प्रकृति ही जनजाति समाज की सम्पत्ति मानी जाती रही है, जिसके माध्यम से उनकी सामाजिक, आर्थिक एंव पारिस्थितिकीय आवश्यकताओं की पूर्ति होती रहती है। ऐसा कहा जाता है कि अनादि काल से जनजाति संस्कृति व वनों का चोली दामन का साथ रहा है और जनजाति समाज का निवास क्षेत्र वन ही रहे हैं। इस संदर्भ में यह भी कहा जा सकता है कि वनों ने ही जनजातीय जीवन एंव संस्कृति के उद्भव, विकास तथा संरक्षण में अपनी आधारभूत भूमिका अदा की है। भील वनवासियों का जीवन भी वनों पर ही आश्रित रहता आया है। जनजाति समाज अपनी आजीविका के लिए वनों में उत्पन्न होने वाली विभिन्न प्रकार की वस्तुओं का उपयोग करते रहे हैं। भारतीय वन क्षेत्रों में पाए जाने वाले प्रमुख वनस्पतियों, पेड़ों एवं उत्पादित वस्तुओं में शामिल रहे हैं बबूल, बेर, चन्दन, धोक, धामन, धावडा, गुदी, हल्दू, इमली, जामुन, कजरी, खेजडी, खेडा, कुमटा, महुआ, नीम, पीपल, सागवान, आम, मुमटा, सालर, बानोटीया, गुलर, बांस, अरीठा, आंवला, गोंद, खेर, केलडी, कडैया, आवर, सेलाई वृक्षों से करा, कत्था, लाख, मौम, धोली व काली मुसली, शहद, आदि। इनमें से कई वनस्पतियों की तो औषधीय उपयोगिता है। कुछ जड़ी बूटियों जैसे आंवला का बीज, हेतडी, आमेदा, आक, करनीया, ब्राह्मी, बोहडा, रोंजडा, भोग पत्तियां, धतुरा बीज, हड, भुजा, कनकी बीज, मेंण, अमरा, कोली, कादां, पडूला, गीगचा, इत्यादि का उपयोग रोगों के निवारण के लिए किया जाता रहा है।

SYED ZAKI HAIDER
( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए

नूना न्यूज एजेंसी



**जम्मू-कश्मीर।** के अनंतनाग जिले में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच शनिवार को मठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण कश्मीर जिले के शांगस-लारनू इलाके में हलकान गली के पास यह मुठभेड़ हुई। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों के साथ हुई इस मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए हैं, जिनसें से एक स्थानीय और दूसरा विदेशी नागरिक है। अभी इस बात का पता नहीं चल पाया है कि वे किस आतंकवादी समूह के सदस्य थे। अधिकारी ने बताया कि इलाके में अब भी अभियान जारी है तथा आगे के विवरण की प्रतीक्षा है। अधिकारियों के अनुसार, श्रीनगर के खानयार इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच एक और मुठभेड़ जारी है, अब तक दोनों ओर से किसी के हताहत होने की कोई जानकारी नहीं है।

## टैक्सी चालक का शव सड़क किनारे झाड़ियों से बरामद

नूना न्यूज एजेंसी



**प्रतापगढ़।** जिले के प्रयागराज-अयोध्या राजमार्ग पर थाना कोतवाली देहात क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम एक टैक्सी चालक का शव पाया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) दुर्गेश कुमार सिंह ने शनिवार को बताया कि शव की शिनाख्त मोहम्मद जफर (27) के रूप में की गई और प्रारंभिक जांच से ज्ञात हुआ कि वह लखनऊ में टैक्सी चलाता था। उन्होंने बताया कि आशंका है कि जफर की हत्या कर शव को यहां फेंका गया है। सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## ओडिशा में दो वाहनों की टक्कर में छह लोगों की मौत, पांच घायल

नूना न्यूज एजेंसी

**ओडिशा।** के सुंदरगढ़ जिले में शनिवार तड़के एक वाहन के ट्रक से टकरा जाने से छह लोगों की मौत हो गई और पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना हेमगिरि पुलिस थाने के अंतर्गत गायकनापाली इलाके के पास हुई। यात्रियों को ले जा रही एक वैन ट्रक से टकरा गई थी। उन्होंने बताया, कीर्तन समूह के छह सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। ऐसा संदेह है कि इलाके में धुंध के कारण यह दुर्घटना हुई। कीर्तन पार्टी दिवाली के अवसर पर एक कार्यक्रम के लिए चक्कपलाई गांव गई थी और कार्यक्रम केबाद अपने गांव लौट रही थी। अधिकारी ने बताया कि ये लोग सुंदरगढ़ जिले के कंडागोडा और समरपिंडा गांव से थे। उन्होंने बताया कि घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पीड़ित परिवारों के लिए अनुग्रह राशि की मांग करते हुए सड़क जाम कर दी।

## जम्मू कश्मीर में एक कार के खाई में गिरने से 10 माह के बच्चे समेत तीन लोगों की मौत



नूना न्यूज एजेंसी

**जम्मू कश्मीर।** के रियासी जिले में एक कार के फिसलकर गहरी खाई में गिरने से 10 महीने के बच्चे समेत तीन लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना चस्साना के पास चमालू मोड़ पर हुई और माना जा रहा है कि ये एक ही परिवार के सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि कार रियासी से चस्साना की ओर जा रही थी, तभी चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया जिससे यह सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गई। अधिकारियों ने बताया कि मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों को तीन लोग मौके पर मृत मिले। गंभीर रूप से घायल हुए तीन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## पश्चिम बंगाल के उलुबेरिया में पटाखों से लगी आग में झुलसने से तीन बच्चों की मौत

नूना न्यूज एजेंसी



**पश्चिम बंगाल।** के हावड़ा जिले में शुक्रवार शाम पटाखे फोड़ने के दौरान लगी आग की चपेट में आने से तीन बच्चों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। घटना उलुबेरिया में हुई जब इलाके के बच्चे पटाखे फोड़ रहे थे, तभी चिंगारी पास में रखे कुछ पटाखों पर गिरने से आग लग गई और बगल के घर तथा तीन बच्चों को अपनी चपेट में ले लिया। उन्होंने बताया कि बच्चों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल परदमकल विभाग की दो गाड़ियां तैनात की गईं, जिन्होंने आग पर काबू पाया। पश्चिम बंगाल के अग्निशमन सेवा मंत्री सुजित बोस ने कहा, आग में झुलकर तीन लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। यह एक दुखद घटना है। मैं घटनास्थल का दौरा करूंगा।

## इस बार धीरे-धीरे दस्तक देगी ठंड, पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी

नूना न्यूज एजेंसी



**नई दिल्ली।** उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में तीन से चार दिनों में तापमान में गिरावट होने लगेगी, किंतु ऐसा एकाएक नहीं होगा। तापमान धीरे-धीरे गोता लगाएगा। फिर भी अगले एक सप्ताह के दौरान ठंड का अहसास नहीं होगा। मौसम में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा, क्योंकि अभी भी अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान औसत से दो से पांच डिग्री सेल्सियस अधिक है। नवंबर महीने में बारिश और तापमान का अनुमान जारी करते हुए मौसम विभाग (आइएमडी) ने कहा है कि अगले हफ्ते से तापमान में गिरावट प्रारंभ होगी। पहले धीरे-धीरे गिरकर सामान्य स्तर पर आएगा। फिर सामान्य से नीचे आएगा। उसके बाद ही ठंड की दस्तक होगी।

### जनवरी में अत्यधिक ठंड पड़ सकती है

आइएमडी के महानिदेशक मृत्यंजय महापात्रा ने इस बार अधिक ठंड पड़ने की आशंकाओं को फिलहाल खारिज किया है। प्रेस कान्फ्रेंस में उन्होंने कहा है कि प्रशांत महासागर में अभी तक ला-नीना की स्थिति नहीं बन पाई है। यदि दिसंबर तक बनती है तो जनवरी में अत्यधिक ठंड पड़ सकती है। अभी से इसके बारे में कोई अनुमान नहीं लगाया जा सकता है। ला-नीना से प्रशांत महासागर का पानी ठंडा होता है और अल-नीनो से गर्म होता है। दोनों स्थितियों का असर भारत के मौसम पर पड़ता है। ला-नीना की स्थितियां शीत लहर को बढ़ावा देती हैं, जबकि अल-नीनो विपरीत प्रभाव डालता है। महापात्रा ने यह भी स्पष्ट किया कि आइएमडी की ओर से ठंड का अनुमान नहीं लगाया जाता है, किंतु प्रत्येक सप्ताह तापमान का अग्रिम अनुमान जारी किया जाता है। इसके आधार पर मौसम का अनुमान लगाया जा सकता है। आइएमडी नवंबर महीने को जाड़े का मौसम भी नहीं मानता है। दिसंबर-जनवरी को ठंड का मौसम माना जाता है।

### भारत के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक

नवंबर माह के मौसम के बारे में महापात्रा ने कहा कि पूर्वोत्तर एवं मध्य भारत के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक हो सकता है। हालांकि, उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे आ सकता है, जिसके चलते ठंड में वृद्धि हो सकती है।

उत्तर-पूर्वी मानसून के चलते नवंबर महीने में दक्षिण के राज्यों एवं समुद्र तटीय इलाकों में सामान्य से अधिक वर्षा होगी। उत्तर भारत एवं मध्य भारत में नवंबर में सामान्य से कम वर्षा होगी। अगर इस दौरान पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता बढ़ी तो पूरे उत्तर भारत में वर्षा हो सकती है।

## पहले चाचा ने किया दुष्कर्म फिर हत्या कर लड़की को कर दिया दफन



### तिरुपति में हुई सनसनीखेज वारदात

### ›› लड़की के लापता होने पर हुआ शक

बाद में जब लड़की के माता-पिता को वो गायब दिखी, तो उन्होंने उसकी तलाश शुरू की और उन्हें पता चला कि उसे आखिरी बार नागराजू के साथ देखा गया था। उन्होंने लड़की के लापता होने की पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद पुलिस ने तुरंत गुमशुदगी का मामला दर्ज कर नागराजू को हिरासत में ले लिया।

### ›› खाना खिलाने के बहाने चाचा ने किया बलात्कार

पुलिस ने बताया कि नागराजू लड़की के घर के पास रहता था और हर रोज उसके साथ खेलता था। शुक्रवार शाम को वह उसे एक दुकान पर ले गया और कुछ नाश्ता खरीदा। बाद में, वह उसे उसके घर से दूर ले गया और उसका यौन उत्पीड़न किया और फिर उसकी हत्या कर दी।

### ›› स्कूल के पास से बरामद हुआ शव

पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना अपराध कबूल कर लिया। बाद में पुलिस ने लड़की के शव की तलाश के लिए नागराजू को साथ लिया और रात करीब 9 बजे उसे सरकारी स्कूल के पास से बरामद किया। उसने बताया कि वह उसे स्कूल के पास खुले मैदान में ले गया और उसका यौन उत्पीड़न किया। इसके बाद उसने उसकी हत्या कर दी और शव को खेत में दफना दिया।

नूना न्यूज एजेंसी

**तिरुपति।** आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले के एक गांव में चार साल की एक लड़की के साथ उसी के दूर के रिश्तेदार (चाचा) ने कथित तौर पर बलात्कार किया और उसकी हत्या कर दी। तिरुपति जिले के पुलिस अधीक्षक एल सुब्बारायडू ने बताया कि पीड़िता के चाचा नागराजू (24) ने शुक्रवार शाम को लड़की को नाश्ता देने का लालच देकर एएम पुरम गांव में एक सुनसान जगह पर ले जाकर बलात्कार किया।

### >> POCSO के तहत केस दर्ज

नागराजू पर यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (POCSO) और अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को शनिवार को स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा। तिरुपति के एसपी ने कहा कि वे मामले की त्वरित सुनवाई के लिए फास्ट-ट्रैक कोर्ट की मांग करेंगे। पीड़िता के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए पुत्तूर सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है। एसपी ने बताया कि पीड़िता की मां आरोपी को अपने भाई की तरह मानती थी। वह अक्सर उनके घर पर समय बिताता था और बच्ची के साथ खेलता था।

# गुरुत्वाकर्षण की क्वांटम प्रकृति के परीक्षण की दिशा में कदम

■ भविष्य में बड़े आकार की वस्तुओं पर मैक्रोस्कोपिक क्वांटमनेस का अध्ययन

नई दिल्ली, नवम्बर : वैज्ञानिकों ने सामान्य सूक्ष्मभौतिकीय वस्तुओं (परमाणु, अणु आदि) से कहीं अधिक विशाल वस्तुओं के लिए क्वांटम सिद्धांत की वैधता के क्षेत्र का परीक्षण करने के लिए एक प्रयोग निधारिंत किया है, जिसके परे शास्त्रीय सिद्धांत का अनिवार्य रूप से उपयोग किया जाना है। यह अध्ययन उच्च परिशुद्धता क्वांटम सेंसर विकसित करने में भी मदद कर सकता है जो अत्याधुनिक क्वांटम प्रौद्योगिकियों में महत्वपूर्ण औजार हैं। न्यूटोनियन शास्त्रीय यांत्रिकी की जगह लेने वाले क्वांटम यांत्रिकी के सिद्धांत लगभग 100 साल पहले विकसित किए गए थे। फिर भी, कई क्वांटम से जुड़े मूलभूत मुद्दे समस्यामूलक बने हुए हैं। उदाहरण के लिए, क्वांटम मैकेनिकल माइक्रोवर्ल्ड और न्यूटोनियन कानूनों का पालन करने वाली रोजमर्रा की वस्तुओं के बड़े पैमाने पर मैक्रोस्कोपिक शास्त्रीय दुनिया के बीच की सीमा अनिर्दिष्ट बनी हुई है। अब प्रश्न यह है कि मैक्रोस्कोपिक वस्तुओं के लिए क्वांटम यांत्रिक सिद्धांत किस स्तर तक मान्य होंगे। यह समकालीन भौतिकी में सबसे मौलिक प्रश्नों में से एक बना हुआ है। यह प्रश्न एक अन्य बेहद चर्चित बुनियादी मुद्दे से भी गहराई से संबंधित है। यह बात उस परीक्षण के संदर्भ में है कि गुरुत्वाकर्षण क्वांटम यांत्रिक है या नहीं। गुरुत्वाकर्षण की क्वांटम यांत्रिक प्रकृति को प्रदर्शित करने की कोशिश करने वाली सभी प्रस्तावित प्रयोगशाला-आधारित प्रोजेक्ट अत्यधिक वृहदाकार वस्तुओं के लिए मौलिक क्वांटम सिद्धांतों की प्रयोज्यता पर आधारित हैं। हालांकि, क्वांटम विशेषताओं का अत्याधुनिक प्रदर्शन अब तक हाइड्रोजन परमाणु से दस हजार गुना अधिक द्रव्यमान वाले मैक्रोमोलेक्यूल तक ही पहुंच पाया है। इसलिए, निकट भविष्य में प्रायोगिक तौर पर लागू किए जाने वाले सफल विचार, मैक्रोस्कोपिक क्वांटमनेस के परीक्षणों को अनियमित आकार की वृहदाकार वस्तुओं तक बढ़ाने के लिए समय की आवश्यकता हैं।




दिल्ली में धूमधाम से मनाया गया दिवाली का त्यौहार। (सईद अहमद)

# दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण के लिए कृत्रिम वर्षा योजना लागू

नई दिल्ली, नवम्बर : दिल्ली सरकार ने राजधानी में बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए 1 से 15 नवंबर के बीच कृत्रिम वर्षा कराने की योजना बनाई है। सर्दियों के दौरान हवा में प्रदूषक तत्वों का स्तर बढ़ जाने से सांस संबंधी समस्याएं और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं, जिन्हें नियंत्रित करने के लिए यह कदम उठाया गया है। इस योजना के तहत हैलीकॉप्टर या अन्य विशेष उपकरणों के माध्यम से बादलों में रसायनों का छिड़काव किया जाएगा, जिससे कृत्रिम वर्षा उत्पन्न होगी। यह प्रक्रिया प्रदूषक तत्वों को जमीन पर लाने और वायु की गुणवत्ता में सुधार लाने में सहायक होगी। साथ ही, दीवाली के बाद राजधानी में वायु गुणवत्ता सूचकांक में गिरावट के मद्देनजर भी यह कदम अहम है, क्योंकि इस समय पटाखों के कारण प्रदूषण स्तर और भी अधिक हो जाता है। दिल्ली सरकार के इस प्रयास को विभिन्न विशेषज्ञों ने भी सराहा है। कृत्रिम वर्षा का यह

# लोगों की आंखों में धूल झोंक रही है सरकार, दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के कारण सांस, आंखों और गले की समस्याएं गंभीर : देवेन्द्र यादव

## सड़कों की हालत और वाहनों से बढ़ते धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने में नाकामी

■ धूल प्रदूषण और पानी छिड़काव अभियान केवल दिखावा

नई दिल्ली, नवंबर : दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि राजधानी में आम आदमी पार्टी प्रदूषण नियंत्रण और प्रदूषण नियंत्रण के लिए विंटर एक्शन प्लान को लागू करने में विफल साबित हुई। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी, पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल, पर्यावरण मंत्री गोपाल राय द्वारा लगातार प्रदूषण रोकथाम की घोषणाएं पूरी तरह खोखली साबित हुई है। सरकार द्वारा पटाखों पर बेन का आदेश पूरी तरह से विफल साबित हुआ। आम आदमी पार्टी की प्रदूषण नियंत्रण पर विफलताओ के कारण राजधानी गैस चैम्बर बन गई है। आज राजधानी का औसत एक्यूआई 361 गंभीर स्तर पर रहा। देवेन्द्र यादव ने आतिशी सरकार के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय प्रदूषण नियंत्रण के लिए हर वर्ष नाकाम कार्यक्रम लागू करके प्रदूषण को कम करने में विफल रहे है। आज धूल प्रदूषण के विरुद्ध, पानी छिड़काव अभियान को प्रदूषण नियंत्रण की नाकाम कड़ी का हिस्सा बनाने के लिए लॉच किया है, क्योंकि दो सप्ताह पहले भी उन्होंने रेड लाईट ऑन, गाड़ी ऑफ की लॉचिंग की थी, जो पूरी तरह से नाकाम साबित हुआ। उन्होंने कहा कि धूल प्रदूषण के विरुद्ध, पानी छिड़काव अभियान केवल लोगों की आंखों में धूल झोंकने के लिए चलाया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष 14 नवम्बर 2023 को भी गोपाल राय ने विशेष जल छिड़काव अभियान 70 एंटी स्मॉग गन के साथ चलाया था जो पूरी तरह विफल साबित हुआ था। धूल प्रदूषण को कम करने के लिए इस वर्ष एक विधानसभा में 2 एन्टी स्मॉग गन चलाने की योजना है, जो सिर्फ आंकड़ों में रह जाएगी है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिवाली के बाद एक्यूआई स्तर बहुत खराब श्रेणी से भी अधिक गिर गया हैं और सीपीसीबी रिपोर्ट अनुसार क्षेत्र में जहरीले धुंए की मोटी परत छा गई है और दिल्ली के अधिकांश हिस्सों में एक्यूआई 300-400 के बीच रहा, जो लोगों में स्वास्थ्य जोखिम पैदा कर रहा है। पूरी दिल्ली के 24 हॉट स्पॉट में कहीं भी 300 से कम एक्यूआई स्तर नजर नही आया, जो आने वाले समय में दिल्ली वालों के लिए खतरे की घंटी है। आनंद विहार में एक्यूआई 395, चॉदनी चौक में 395, सोनिया विहार में 395, बवाना में 392, जहांगीरपुरी में 390 और नार्थ कैंपस में एक्यूआई 390 गंभीर स्तर पर रहा।

## आग की भेंट चढ़ी घर में रखी नकदी व अन्य सामान

यमुनानगर, नवंबर : आजाद नगर की गली नंबर 4 में कमल वोहरा के घर आगजनी से लाखों का सामान व नकदी राख हो गई। आग को लोगों द्वारा बुझाने का प्रयास किया गया और इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई, लेकिन जब तक काफी देर हो चुकी है और उनके घर में रखी नगदी व अन्य सामान जल कर राख हो चुका था। उपरोक्त जानकारी देते हुए कमल वोहरा के पड़ोसी रवि सिंगला व गोबिंद सिंह भाटिया ने बताया कि रात लगभग 10 बजे सारे परिवार ने घर में रखे मंदिर में जोत जलाकर पूजा की और थोड़ी देर के लिए बाहर आ गए क्योंकि गली में बच्चे पटाखे जला रहे थे। 15- 20 मिनट बाद जब अंदर गए तो कमरों की लाइट बंद और कमरे से धुआं निकलता दिखाई दिया। आनन-फानन में पड़ोसियों को बुलाया गया।

# संयुक्त सैन्य अभ्यास ह्यवज्र प्रहार में हिस्सा लेने के लिए भारतीय दल रवाना

नई दिल्ली, नवम्बर भारत और अमेरिका स्पेशल फोर्सेज के संयुक्त सैन्य अभ्यास वज्र प्रहार की 15वीं कड़ी में हिस्सा लेने के लिए भारतीय सेना की टुकड़ी आज रवाना हो गई। यह अभ्यास 2 से 22 नवंबर तक अमेरिका के इडाहो में ऑर्चर्ड कॉम्बैट ट्रेनिंग सेंटर में आयोजित किया जाएगा। इसी तरह का पिछला अभ्यास दिसंबर 2023 में उमरोई, मेघालय में आयोजित किया गया था। यह भारतीय और अमेरिकी सेना के बीच वर्ष का दूसरा अभ्यास होगा, पिछला अभ्यास ह्ययुद्ध अभ्यास 2024ह्व था, जो सितंबर में राजस्थान में आयोजित किया गया था। इस संयुक्त सैन्य अभ्यास में हिस्सा लेने वाली सैन्य टुकड़ियों में प्रत्येक में 45 सैन्य कर्मी शामिल होंगे। भारतीय सेना की टुकड़ी का प्रतिनिधित्व स्पेशल फोर्सेज यूनिट्स और अमेरिकी सेना की टुकड़ी का प्रतिनिधित्व अमेरिका की ग्रीन बेरेट्स द्वारा किया जाएगा। वज्र प्रहार अभ्यास का उद्देश्य अंतरसंचालनीयता, संयुक्त रूप से कार्य करने और विशेष संचालन रणनीति के पारस्परिक आदान-प्रदान को बढ़ाकर भारत और अमेरिका के बीच सैन्य सहयोग को बढ़ावा देना है। यह अभ्यास रेगिस्तान,अर्ध रेगिस्तानी क्षेत्र में किया जाएगा और विशेष बलों की अभियान संबंधी संयुक्त क्षमताओं को बढ़ाएगा। यह सैन्य अभ्यास बेहतर शारीरिक फिटनेस, संयुक्त योजना और मिलकर काम करने के सामरिक अभ्यास पर केंद्रित होगा। अभ्यास के दौरान संयुक्त टीम मिशन, टोही मिशन, मानव रहित हवाई प्रणालियों का नियोजन, विशेष अभियानों को क्रियान्वित करने, ज्वाइंट टर्मिनल अटैक और विशेष अभियानों में मनोवैज्ञानिक युद्ध संबंधी विधियों पर ध्यान दिया जाएगा।

# चार्टर्ड कार्गो विमान से भारत लाए गए हैं अफ्रीकी हाथी

नई दिल्ली, नवम्बर : दिवाली के मौके पर तीन अफ्रीकी हाथियों को ट्यूनीशिया से बचा कर भारत के जामनगर स्थित वनतारा में लाया गया है। 28 से 29 वर्ष के इन अफ्रीकी हाथियों में दो मादा और एक नर हाथी है। अनंत मुकेश अंबानी का ड्रीम प्रोजेक्ट वनतारा, दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित वन्यजीव बचाव केंद्रों में से एक है।

दरअसल वनतारा से ट्यूनीशिया के एक निजी चिड़ियाघर ने संपर्क किया था, जो खराब वित्तीय हालात के कारण हाथियों के आहार, आवास और पशु चिकित्सा आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर पा रहा था। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के तहत हाथियों को एक चार्टर्ड कार्गो विमान से भारत लाया गया है। वनतारा अब इन अफ्रीकी हाथियों का नया घर होगा। ट्यूनीशिया के चिड़ियाघर फ्रिगुइया पार्क ने लागत कम करने के लिए तीनों अफ्रीकी हाथियों को हटाने का निर्णय कर लिया था। अचटम, कानी और मीना नाम के इन हाथियों को वापस जंगल में छोड़ना संभव नहीं था। ऐसे में उन्हें एक ऐसी जगह की तलाथ थी जहां हाथियों की बेहतर देखभाल हो सके। काफी खोजबीन और जांच पड़ताल के बाद अचटम, कानी और मीना के लिए उन्हें वनतारा में एक नया घर मिल गया। वनतारा में अफ्रीकी हाथियों की चिकित्सीय जांच में पता चला है कि अचटम, कानी और मीना कई बीमारियों से जूझ रहे हैं।

उन्हें शारीरिक और मानसिक सहायता की जरूरत है। कुछ मामलों में शल्य चिकित्सा भी करनी पड़ सकती है। वनतारा के पशु चिकित्सक दिन-रात उन पर नजर रखे हुए हैं। वनतारा ने देशी वनस्पतियों, मिट्टी के तालाबों और खाद्य संवर्धन वाले विशाल बाड़ों को काफी सोच समझ कर डिजाइन किया है। वनतारा में उनका नया घर अचटम, कानी और मीना को ऐसा माहौल देगा जो उनके जंगली आवास से काफी मिलता-जुलता होगा।

## परिवहन मंत्रालय ने लंबित मामलों के निपटारे के लिए विशेष अभियान सफलतापूर्वक पूरा किया

नई दिल्ली, नवम्बर : सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय और उसकी एजेंसियों ने 2 से 31 अक्टूबर, 2024 तक लंबित मामलों के निपटारे के लिए विशेष अभियान 4.0 को सफलतापूर्वक संपन्न किया है। मंत्रालय ने सार्वजनिक शिकायतों (986), सार्वजनिक शिकायत अपीलों (211), आईएमसी संदर्भों (मंत्रिमंडल प्रस्ताव) और रिकॉर्ड प्रबंधन (पुराने भौतिक/ई-फाइलों की समीक्षा, 25635) के निपटारे में 100% लक्ष्य प्राप्त किया है। इसके अतिरिक्त, मंत्रालय ने 95 फिसदी लंबित सांसद संदर्भों का भी निपटारा कर दिया है। इस अभियान के दौरान 583 में से 555 सांसद संदर्भों का निपटारा किया गया। साथ ही, 53 संसदीय आश्वासनों में से 28 का निपटारा भी किया गया। इस अभियान के दौरान कबाड़ की बिक्री से मंत्रालय ने 3,03,200 रुपए का राजस्व अर्जित किया। स्वच्छता ही सेवा और लंबित मामलों के निपटारे के विशेष अभियान के दौरान, मंत्रालय और उसकी एजेंसियों ने 19,000 से अधिक स्थलों पर सफाई गतिविधियां कीं, जिनमें कार्यालय, निर्माण स्थल, राष्ट्रीय राजमार्ग, टोल प्लाजा, ढाबे, बस स्टॉप, फ्लाईओवर आदि शामिल हैं। अभियान के विभिन्न मानकों के तहत निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए, नोडल अधिकारी ने दैनिक आधार पर इसकी प्रगति की समीक्षा की और सभी एजेंसियों के साथ फॉलो-अप किया।

# एफआईआई के 8वें संस्करण में वैश्विक सहयोग और आर्थिक कूटनीति पर जोर

■ विश्वभर के निवेशकों से भारत में उच्च विकास वाले क्षेत्रों में निवेश का आग्रह

नई दिल्ली, नवम्बर : केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सऊदी अरब की अपनी यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न की। पीयूष गोयल ने इस यात्रा के दौरान कई देशों और उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव (एफआईआई) के 8वें संस्करण के पूर्ण सत्र में भाग लिया। उन्होंने वैश्विक सहयोग, नवाचार, तकनीकी उन्नति और निवेश को बढ़ावा देने में अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी और आर्थिक कूटनीति की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने दुनियाभर के निवेशकों से भारत में खासकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अक्षय ऊर्जा, डिजिटल बुनियादी ढांचे और उन्नत विनिर्माण जैसे उच्च विकास वाले क्षेत्रों में उभरते अवसरों का लाभ उठाने का आग्रह किया। पीयूष गोयल ने 30 अक्तूबर को रियाद में सऊदी अरब के ऊर्जा मंत्री प्रिंस अब्दुलअजीज बिन सलमान अल-सऊद के साथ भारत-सऊदी रणनीतिक साझेदारी परिषद (एसपीसी) के तहत अर्थव्यवस्था और निवेश समिति की दूसरी मंत्रिस्तरीय बैठक की सह-अध्यक्षता भी की। अक्टूबर 2019 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सऊदी अरब यात्रा के बाद, 2019 में रणनीतिक साझेदारी परिषद की स्थापना की गई थी। इस समिति ने चार संयुक्त कार्य समूहों कृषि एवं खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी और उद्योग एवं बुनियादी ढांचा की हासिल की गई प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने भारत और सऊदी अरब के बीच द्विपक्षीय आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने पर ध्यान दिया और व्यापार तथा निवेश बढ़ाने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया।


# युवक की हत्या, फायरिंग में पिता घायल

डबवाली, नवंबर : गांव मौजगढ़ में आपसी रंजिश में युवक कर्णवीर सिंह की हत्या कर दी गई। आरोपियों द्वारा की गई फायरिंग में मृतक युवक का पिता राजेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हुआ है। जानकारी के मुताबिक गांव मौजगढ़ में बाइक सवार कुछ युवक कल रात राजेंद्र सिंह के घर पहुंचे और वहां मौजूद उसके बेटे कर्णवीर व राजेंद्र सिंह पर फायरिंग कर फरार हो गए। फायरिंग में गंभीर रूप से घायल हुए पिता पुत्र को पहले डबवाली के सरकारी अस्पताल में बाद में एम्स बठिंडा ले जाया गया। यहां कर्णवीर सिंह की मृत्यु हो गई जबकि उसके पिता का इलाज चल रहा है। एसएचओ सदर ब्रह्मप्रकाश ने बताया कि युवकों की आपसी रंजिश की वजह से यह हत्या की गई है। पुलिस ने मौके से पांच गोलियों के खोल बरामद किए हैं। इसके अलावा हत्यारों द्वारा प्रयोग किए मोटरसाइकिल को भी बरामद किया है। पुलिस ने मृतक की माता रमनदीप कौर के बयानों पर तीन युवकों सैंपी सिंह डबवाली, कुलदीप सिंह मसीतां व लवली के खिलाफ मामला दर्ज किया है। फिलहाल नामजद आरोपी फरार है।

## मोटरसाइकिल पेड़ से टकराया एक मजदूर की मौत, साथी गंभीर

टोहाना नवंबर : सिंबल वाला रोड पर एक मोटरसाइंकिल की पेड़ से टकराने पर व्यक्ति की मौत हो गई, दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। ग्रामीण सोनू ने बताया कि मैं सुबह सैर पर जा रहा था तो पता चला कि सिंबल दमकोरा लिंक रोड पल के पास यह घटना है। लग रहा था मोटरसाइकिल किसी पेड़ से टकराया है। उन्होंने बताया कि यह मोड खतरनाक मोड है। इस मोड़ पर पहले भी ही घटना हो चुकी है उसे समय भी एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। जानकारी अनुसार मोटरसाइकिल दोनों प्रवासी मजदूर किसी सेलर में मजदूरी करते थे। तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी एंबुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों को नागरिक का स्थान में ले गई।

# दिल्ली के द्वारका में प्रॉपर्टी डीलर की चाकू गोदकर हत्या




**दिल्ली।** के द्वारका इलाके में शुक्रवार तड़के कुछ लोगों ने 38 वर्षीय एक व्यक्ति की चाकू गोदकर हत्या कर दी। उत्तम नगर के हस्तसाल रोड पर हुई इस घटना की जानकारी पुलिस को देर रात करीब 2.50 बजे मिली। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मौके पर पहुंचने पर उन्हें पता चला कि प्रॉपर्टी डीलर गगन ओबेरॉय को घटना के बाद अस्पताल ले जाया गया और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। अधिकारी ने कहा, पीड़ित के भतीजे आर्यन ओबेरॉय ने पुलिस को बताया कि गगन अपने घर के बाहर खड़े थे, तभी कुछ लोगों ने उनसे झगड़ा किया और उनमें से एक ने उनकी जांघ पर चाकू मार दिया। शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने हत्या के सही कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। एक अधिकारी ने कहा कि आरोपी की पहचान हो गई है और पुलिस की कई टीम उसकी तलाश में जुटी हैं।

# केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का खरगे पर निशाना

## झूठ का इस्तेमाल कर मनगढ़ंत आरोप लगा रही है कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी झूठे और फर्जी आंकड़ों का इस्तेमाल कर मनगढ़ंत आरोप लगा रही है। पुरी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कई पोस्ट में खरगे के दावों के जवाब में आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि मोदी सरकार की समावेशी विकास नीतियां देश को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बना देंगी। इससे पहले खरगे ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा था, झूठ, छल, जालसाजी, लूट और प्रचार ये पांच विशेषण हैं, जो आपकी सरकार का सबसे अच्छा वर्णन करते हैं! उन्होंने मोदी से प्रति वर्ष दो करोड़ नौकरियों के वादे, मुद्रास्फीति, विमुद्रीकरण और दोषपूर्ण-जीएसटी, चुनावी बॉन्ड, सेबी प्रमुख के खिलाफ आरोप, एससी/एसटी के खिलाफ अपराध और वैश्विक



भूख सूचकांक पर भारत की खराब रैंकिंग को लेकर सवाल पूछे थे। इसके जवाब में पुरी ने कहा, ऐसा लगता है कि कांग्रेस पार्टी और खरगे उन परिवर्तनों से अनभिज्ञ हैं, जिन्होंने भारतीयों के जीवन को बेहतर बनाया है। पुरी ने कहा कि मोदी सरकार ने 24 करोड़ से ज्यादा भारतीयों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकाला है। इसमें 11 करोड़ से ज्यादा शौचालयों का निर्माण, 12 करोड़ नल जल कनेक्शन, 10 करोड़ से ज्यादा मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन, स्वास्थ्य सेवा, 51 करोड़ बैंक खाते, पूंजीगत व्यय में तीन गुना वृद्धि और जीएसटी, स्टार्टअप इंडिया, आईबीसी और पीएलआई योजना जैसे नीतिगत सुधारों से मदद मिली है। उन्होंने कहा, हमने यह सुनिश्चित किया कि पेट्रोल और डीजल की कीमतें तब भी न बढ़ें, जब अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क में कीमतों में 40 से 70 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग-2 सरकार के समय 1.41 लाख करोड़ रुपये के तेल बॉन्ड जारी करने की उनकी मूर्खता के कारण देश को बदले में 3.2 लाख करोड़ रुपये वापस करने के लिए मजबूर होना पड़ा था। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत यह दिखा रहा है कि वह 2047 तक अपने विकास लक्ष्यों को हासिल कर लेगा।


# अरविंद केजरीवाल और उनकी पत्नी ने कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर में की पूजा-अर्चना



**दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर में शुक्रवार को पूजा-अर्चना की तथा लोगों की खुशहाली के लिये प्रार्थना की। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने पत्नी के साथ मंदिर में हवन पूजन किया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज अपनी धर्मपत्नी के साथ कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पहुंचकर हवन-पूजन किया एवं प्रभु के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। हनुमान जी से सभी की सुख समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की। कुछ घंटों बाद, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा भी पत्नी के साथ हनुमान मंदिर गए और पूजा-अर्चना की। दिल्ली भाजपा के मीडिया विभाग ने एक बयान में कहा कि सचदेवा ने कामना की कि दिल्ली भ्रष्ट सरकार से मुक्त हो और इसकी जगह कोई विकासोन्मुखी सरकार आए। दिल्ली में सत्तारूढ़ आप और भाजपा अगले साल फरवरी में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले शहर में प्रदूषण और सड़कों की स्थिति सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर तीखे वाकयुद्ध में उलझे हुए हैं।

# सीडीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर लेफ्टिनेंट बना हर्षित नागर

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुर।** कहते हैं , यदि दृढ़ निश्चय हो तो तमाम विपरीत परिस्थितियों के बाबजूद भी मुकाम हासिल किया जा सकता हैं।अमरोहा जिले के ग्रामीण परिवेश में रहने वाले युवक ने इस बात को सच साबित कर दिया है। हसनपुर तहसील के गांव बिजनौरा से हर्षित नागर पुत्र स्वर्गीय श्री जितेंद्र नागर एडवोकेट ने सीडीएस परीक्षा पास कर लेफ्टिनेंट पद पर चयन प्राप्त किया है' जिससे गांव वासी व समाज के लोगों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी गांव निवासी शिक्षक हेमराज कोहली ने समाज की तरफ से शॉल ओढ़ाकर व शील्ड देकर सम्मानित किया तथा कहा समाज को हर्षित जैसे होनहारों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए । उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षा संघ की जिला उपाध्यक्ष गौरव नागर ने बताया कि हर्षित नागर के दादाजी श्री तेजपाल सिंह बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षक रहे हैं, पिता का अचानक स्वर्गवास हो जाने के कारण हर्षित ने दादा जी की देखरेख में ही आज अपने पिताजी के सपनों को साकार किया है।

# गजरौला के जैकेट बनाने के कारखाने में लगी आग, 10 लाख का माल जलकर राख

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**गजरौला।** शुक्रवार की देर रात गजरौला के एक मोहल्ले में स्थित जैकेट कारखाने में किसी समय आग लग गई आग इतनी भीषण थी कि आसपास के लोगों ने जब आग की लपटे उठती देखी तो उन्होंने मोहल्ले वासियों ने कारखाना मालिक को फोन कर बुलाया तथा फायर ब्रिगेड को भी फोन किया साथ ही कारखाने का गेट तोड़कर लोगों ने पाइपों से पानी डालकर आग पर काबू पाया, बताते ते की शुक्रवार की रात मोहल्ला मायापुरी में मोहल्ले के ही रहने वाले सुरेंद्र पुत्र गोपाल सिंह जैकेट का कारखाना चलते हैं तथा यहां जैकेट तैयार होती हैं, सुरेंद्र रोजाना की तरह करीब 9 बजे जैकेट कारखाना बंद करके घर चले गए थे इसी बीच रात करीब 11/30 बजे उन्हें पड़ोसियों ने फोन पर कारखाने में आग लगने की जानकारी दी इसके बाद वह मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक कारखाने में ज्यादातर रखा सामान जल चुका था साथ ही आसपास के लोगों ने पाइपों से पानी डालकर आग पर काबू पा लिया था, पीड़ित सुरेंद्र ने बताया कि इस अग्निकांड में लगभग 10 लख रुपए का माल जलकर नष्ट हो गया है, इस बीच किसी ने फायर ब्रिगेड को भी फोन कर दिया था लेकिन फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही मोहल्ले वासियों ने आग पर पानी डालकर काबू पा लिया था, इस अग्निकांड से लगभग 10 लख रुपए का नुकसान बताया जा रहा है, वही माना जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी है।

# आदर्श नगर पालिका परिषद हसनपुर के अध्यक्ष राजपाल सैनी ने कान्हा गौ शाला में की गौ सेवा

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल
जिला प्रभारी
अमरोहा



**हसनपुर।** शनिवार को आदर्श नगर पालिका परिषद हसनपुर के अध्यक्ष राजपाल सैनी ने हसनपुर की कान्हा गौ शाला में परिवार सहित पहुंच कर गौ सेवा की, शनिवार को गोवर्धन पूजा से पहले पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी अपनी पत्नी कविता सैनी तथा नगर स्वच्छता प्रेरक प्रशांत सैनी तथा ईशांत सैनी वह पुत्र बधूओ आदि के साथ गौशाला में पहुंचकर गायों को गुड़ खिलाया एवं हरा चारा खिलाया वही पालिका अध्यक्ष ने गौशाला का निरीक्षण किया तथा गौशाला में गोवर्धन की पूजा भी की इस मौके पर उनके साथ नगर स्वच्छता प्रेरक प्रशांत सैनी पत्नी कविता सैनी तथा नगर पालिका का स्टाफ मौजूद रहा।

# सबकी समस्या के समाधान को प्रतिबद्ध है सरकार : सीएम योगी



**गोरखपुर, 2 नवंबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनकी सरकार जनता की समस्याओं के समाधान को प्रतिबद्ध है। किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया वे पूरी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता से यह सुनिश्चित करें कि हर पात्र को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले, जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। बिना भेदभाव सबको न्याय मिले। गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर शनिवार को आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं। कुर्सियों पर बैठे लोगों तक खुद गए। उनकी समस्याओं व शिकायतों को सुना और समझा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। अपराध से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए कई लोगों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी।

# योगी सरकार के मार्गदर्शन में उप्र के सभी गोआश्रय स्थलों पर किया गया गोपूजन



**लखनऊ, 2 नवम्बरः** योगी सरकार के नेतृत्व में शनिवार को प्रदेश के सभी गोआश्रय स्थलों में गोवर्धन पूजा व गोपूजन किया गया। योगी सरकार के निर्देश पर कैबिनेट मंत्री, गोसेवा आयोग के अध्यक्ष व प्रमुख सचिव समेत जनप्रतिनिधि भी अलग-अलग जनपदों में कार्यक्रम में शामिल हुए।

### प्रदेश के सभी गोआश्रय स्थलों पर हुआ आयोजन

प्रदेश के समस्त गो आश्रय स्थलों /केंद्रों में शनिवार को गो पूजन का आयोजन समारोह पूर्वक किया गया। प्रदेश में गोवर्धन पूजा पर 6697 अस्थायी गो आश्रय स्थलों, 333 वृहद गो संरक्षण स्थलों, 289 कान्हा आश्रय स्थलों अर्थात 7319 गो-आश्रय स्थलों में गोवर्धन पूजा एवं साथ ही साथ गो पूजन किया गया।

### कैबिनेट मंत्री व जनप्रतिनिधि भी हुए शामिल

पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह द्वारा वृहद गो संरक्षण केन्द्र मऊ चन्द्रपुर विकास खण्ड रामनगर जनपद बरेली में आयोजित गोवर्धन पूजा में प्रतिभाग किया गया। प्रमुख सचिव पशुधन, निदेशक प्रशासन एवं विकास, अपर निदेशक ग्रेड-1 के द्वारा वृहद गोसरक्षरण केन्द्र निबलेट, बाराबंकी एवं अस्थायी गो आश्रय स्थल पपनामऊ, लखनऊ में आयोजित गोवर्धन पूजा में प्रतिभाग किया। गो-सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता द्वारा अस्थायी गो आश्रय सरेण्डी में प्रतिभाग किया गया।

### गोवंशों को हरा चारा, फल, गुड़ आदि खिलाया गया

योगी सरकार के निर्देश पर विभिन्न जनपदों में मंत्री, जन प्रतिनिधियों द्वारा गो आश्रय स्थलों में गोवर्धन पूजा के आयोजन में प्रतिभाग किया गया। गोवंशों को गुड़, हरा चारा, फल इत्यादि का वितरण किया गया। साथ ही गाय के गोबर से बने दीपों, मूर्तियों आदि के उपयोग हेतु दीपावली के उपरांत भी जनमानस में व्यापक प्रचार-प्रसार करने व इन उत्पादों के बिक्री हेतु बाजारों में उपलब्धता सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

# घर-घर हुई भगवान गोवर्धन की पूजा, अन्नकूट का लगाया भोग

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुर।** शनिवार को नगर में गोवर्धन का त्यौहार बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया, कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को दीपावली के बाद भगवान गोवर्धन की पूजा की जाती है, शनिवार को नगर के विभिन्न मंदिरों में भगवान गोवर्धन की आकृति बनाई गई तथा श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों में भगवान गोवर्धन की आकृति बनाई तथा उन पर अन्नकूट का भोग अर्पण किया साथ ही दीप जलाकर गोवर्धन गिरधारी लाल की जयकारे लगाते हुए 7 परिक्रमाएं भी लगाई, बताते चलें कि मथुरा और वृंदावन में गोवर्धन पूजा का बड़ा ही महत्व है, तथा वृंदावन में गोवर्धन की पूजा करने के लिए परिक्रमा लगाने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, एक कथा के अनुसार द्वापर युग में इंद्रदेव के कहर से ब्रज वासियों को बचाने के लिए भगवान श्री कृष्ण ने अपनी सबसे छोटी उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठाकर सब की रक्षा की थी, तभी से इस गोवर्धन पर्वत की पूजा की जाती है और हर वर्ष इसी तिथि पर विधि विधान के अनुसार गोवर्धन का त्यौहार मनाया जाता है साथ ही अन्नकूट का प्रसाद भी तैयार करके भगवान गोवर्धन गिरधारी जी का भोग लगाया जाता है, इसी के चलते नगर के सनातन धर्म प्रेमियों द्वारा अपने-अपने घरों में भगवान श्री गोवर्धन गिरधारी की आकृति बनाकर गोवर्धन की पूजा विधि विधान अनुसार की और गोवर्धन जी को भोग अर्पित किया वह परिक्रमाएं लगाई ' उधर भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष चंद्रप्रकाश शर्मा ने अपने परिवार सहित अपने घर पर भगवान गोवर्धन की विधि विधान के अनुसार पूजा अर्चना की।

# महिला एवं बाल गृहों में दिखी दीपावली की रौनक, सीएम योगी के निर्देश पर अधिकारियों ने बच्चों संग जलाए दीप





**लखनऊ, 2 नवंबर।** दीपावली का पर्व इस बार प्रदेश के महिला एवं बाल गृहों में एक अलग अंदाज में मनाया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के कई प्रशासनिक अधिकारियों ने इन गृहों को गोद लेकर बच्चों और महिलाओं के साथ दीपावली का त्योहार मनाया। योगी सरकार की यह अनोखी पहल समाज सेवा की एक नई मिसाल पेश कर रही है, जहाँ अधिकारियों ने अपना व्यक्तिगत समय देकर इन बच्चों के जीवन में खुशियाँ बिखेरीं।

### अधिकारियों ने निभाई समाज सेवा की अनूठी मिसाल

इस दीपावली, अधिकारियों ने अपने-अपने परिवार के साथ बाल गृहों में पहुँचकर बच्चों के साथ दीप जलाए, मिठाई बाँटी, और उनका हाल-चाल जाना। इस मौके पर इन गृहों में रह रहे बच्चों और महिलाओं के चेहरे पर भी पारिवारिक माहौल की रौनक दिखी। बच्चों ने बताया कि उनके लिए यह अनुभव बेहद खास था क्योंकि उन्होंने पहली बार इतने सारे लोगों के साथ उत्सव मनाया। अधिकारियों ने बच्चों के साथ समय बिताते हुए यह महसूस कराया कि वे भी समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उनकी खुशियाँ भी उतनी ही कीमती हैं जितनी किसी अन्य व्यक्ति की।

बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने एक शासनादेश जारी कर अधिकारियों को प्रदेश भर में संचालित महिला एवं बाल गृहों को गोद लेकर उनके साथ त्योहार पर समय बिताने का निर्देश दिया था। इसके बाद, इन गृहों में एक नई ऊर्जा और खुशियों का संचार हुआ। बच्चों और महिलाओं को ऐसा लगने लगा कि वे भी किसी परिवार का हिस्सा हैं। अधिकारियों ने इन गृहों में पहुचकर न केवल औपचारिक निरीक्षण किया, बल्कि बच्चों के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ने की कोशिश की। इस पहल के चलते दीपावली का पर्व इन बच्चों के लिए एक यादगार अनुभव बन गया।

### अधिकारियों ने बच्चों की शैक्षिक और आर्थिक सहयोग का किया वादा

दीपावली के इस अवसर पर केवल खुशियाँ ही नहीं बाँटी गईं, बल्कि अधिकारियों ने इन बच्चों की शिक्षा में सहयोग करने का भी संकल्प लिया। शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि अधिकारी अपने स्तर पर बच्चों की पढ़ाई में मदद कर सकते हैं। कई अधिकारियों ने इन बच्चों को ट्यूशन, स्टेशनरी, स्कूल बैग, और अन्य शैक्षिक सामग्री प्रदान करने का भी वादा किया। सीएम योगी की इस पहल का उद्देश्य केवल एक औपचारिकता नहीं है, बल्कि एक ऐसा प्रयास है जो समाज को इन बच्चों और महिलाओं के प्रति जिम्मेदार बनाता है। त्योहारों को मनाने का यह अनूठा तरीका समाज में समरसता का संदेश देता है। अधिकारियों ने न केवल दीप जलाए, बल्कि बच्चों के साथ मिलकर रंगोली बनाई और पटाखों की जगह फूलझड़ियों से दीपावली मनाई। इस पहल का एक महत्वपूर्ण संदेश यह है कि इन बच्चों को भी समाज से जोड़ा जाए और उन्हें यह महसूस कराया जाए कि वे भी इस समाज का अभिन्न हिस्सा हैं।

### समाज और प्रशासन का नया सामंजस्य

दीपावली पर इस पहल से समाज और प्रशासन के बीच एक नए सामंजस्य का विकास हुआ है। इस पहल ने अधिकारियों के मन में सेवा की भावना को और गहरा किया है। उनके द्वारा किया गया यह प्रयास न केवल इन बच्चों और महिलाओं के जीवन में खुशियाँ भर रहा है, बल्कि समाज को यह सिखा रहा है कि हर व्यक्ति का योगदान महत्वपूर्ण है। यह एक ऐसा कदम है जो समाज सेवा के एक नए स्वरूप को दशार्ता है और भविष्य में इसे अधिक व्यापक स्तर पर लागू करने का संदेश देता है।

# प्रदेश में पर्यटन का महत्वपूर्ण मंच बना महाकुंभ, 45 हजार से अधिक परिवारों को मिलेगा रोजगार

**प्रयागराज, 2 नवंबर।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश में पारम्परिक भारतीय मूल्यों और 'अतिथि देवो भवः' की संकल्पना पर पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं और वातावरण प्रदान कर रही है। सरकार के इस भागीरथ प्रयत्न से प्रदेश में पर्यटन सेक्टर का कायाकल्प हो रहा है। प्रयागराज महाकुंभ जैसा विशाल जन समागम इसे बड़ा मंच प्रदान कर रहा है। पर्यटन को गति देने के लिए पूरे प्रयागराज में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिससे महाकुंभ के दौरान न सिर्फ वेंडर्स और सेवा प्रदाताओं की आय बढ़ेगी, बल्कि 45 हजार से अधिक परिवारों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार भी मिलेगा। इसके साथ ही समस्त धार्मिक पर्यटन स्थलों के आसपास भी रोजगार के नए स्रोत विकसित होंगे।

### कौशल विकास और प्रबंधन से यूपी में बदल रही है पर्यटन की तस्वीर

उत्तर प्रदेश में वर्ष 2017 से उपेक्षित पड़े पर्यटन सेक्टर को प्रदेश की योगी सरकार ने नया आयाम दिया है। 16 नवंबर, 2022 को उत्तर प्रदेश की नई पर्यटन नीति-2022 को मंजूरी मिलने के बाद पर्यटन क्षेत्र के विकास का नक्शा बदलना शुरू हुआ। नई पर्यटन नीति से प्रदेश में 20 हजार करोड़ के निवेश और 10 लाख लोगों को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें भी सबसे पहले पर्यटन सेक्टर से जुड़े सर्विस प्रोवाइडर को कौशल विकास और प्रबंधन से जोड़ना महत्वपूर्ण है। प्रयागराज महाकुंभ इसके लिए बड़ा मंच साबित हो रहा है। प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह का कहना है कि प्रयागराज महाकुंभ में पर्यटकों से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संपर्क में आने वाले सभी सेवा प्रदाताओं को प्रशिक्षित करने का अभियान शुरू किया गया है। नाविकों , टूर गाइड, स्ट्रीट वेंडर्स और स्ट्रीट वेंडर्स जैसे सेवा प्रदाताओं को कौशल विकास और मैनेजमेंट की ट्रेनिंग दी जा रही है।

### नाविकों को मिल रही नई भूमिका, रिवर गाइड होंगे नाविक

उत्तर प्रदेश में धार्मिक स्थलों में नदियों में नौका संचालन से आजीविका चलाने वाले नाविकों की आय बढ़ाने और क्षमताओं का विकास कर योगी सरकार उन्हें नई भूमिका दे रही है। पर्यटन विभाग 2000 नाविकों को इसका प्रशिक्षण दे रहा है। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह बताती हैं कि पर्यटन विभाग ने मान्यवर कांशीराम पर्यटन प्रबंधन संस्थान और एक अन्य संस्था के साथ एक एमओयू साइन किया है जिसके अंतर्गत यह ट्रेनिंग चल रही हैं जिसमें अभी तक 300 नाविकों को कौशल विकास की ट्रेनिंग दी जा चुकी है। इस प्रशिक्षण से नाविक अब नौकायन से आगे बढ़कर रिवर गाइड की भूमिका का निर्वहन कर सकेंगे। इससे नदियों में धार्मिक स्थलों के किनारे नाव चलाने वाले हजारों नाविकों को रोजगार मिलेगा और पर्यटन स्थलों का वातावरण भी बेहतर होगा।

# रक्षामंत्री भारत सरकार राजनाथ सिंह ने कानपुर स्थित फील्ड गन कारखाने का दौरा किया और महत्वपूर्ण स्वदेशी रक्षा क्षमताओं का जायजा लिया

**कानपुर।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आज उत्तर प्रदेश में कानपुर स्थित एडवांस्ड वेपन्स एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड (एडब्ल्यूईआईएल) की इकाई, फील्ड गन कारखाने, का दौरा किया। यह टैंक टी-90 और धनुष गन सहित विभिन्न आर्टिलरी गन तथा टैंकों की बैरल और ब्रीच असेंबली बनाने में विशेषज्ञता प्राप्त है। इस यात्रा के दौरान, मंत्री महोदय ने महत्वपूर्ण स्वदेशी रक्षा क्षमताओं का जायजा लेने के लिए कारखाने के हीट ट्रीटमेंट और न्यू असेंबली शॉप सहित प्रमुख सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस अवसर पर श्री सिंह के साथ सचिव (रक्षा उत्पादन) श्री संजीव कुमार और रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव तथा डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत भी थे।





# 30 नवंबर तक प्रयागराज की रोड्स होंगी सुदृढ़, 50 परियोजनाओं पर तेज गति से काम कर रहा पीडीए

**प्रयागराज, 2 नवंबर।** प्रयागराज में महाकुंभ 2025 की तैयारियों के तहत सड़क चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के कार्य तेजी से प्रगति पर हैं। प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) ने इस विशाल आयोजन को सफल बनाने के लिए तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ी है। महाकुंभ में श्रद्धालुओं और पर्यटकों के सुगम आवागमन के लिए शहर की प्रमुख सड़कों का चौड़ीकरण और मजबूती का कार्य 30 नवंबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

### 31 परियोजनाएं 15 नवंबर तक पूरी होंगी

महाकुंभ 2025 के स्वागत के लिए प्रयागराज पूरी तरह से तैयार हो रहा है। आगामी आयोजन को सुगम और स्मरणीय बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। महाकुंभ के मद्देनजर पीडीए कुल 50 परियोजनाओं पर कार्य कर रहा है। इनमें से 4 परियोजनाएं पहले ही पूरी की जा चुकी हैं। महाकुंभ के शुभारंभ में अभी 70 दिनों से ज्यादा का समय है, जिसे देखते हुए पीडीए का उद्देश्य 31 परियोजनाओं को 15 नवंबर तक पूर्ण कर लेना है, जिससे जल्द से जल्द शहर के बुनियादी ढांचे में सुधार लाया जा सके।

### 30 नवंबर तक शेष परियोजनाओं के पूर्ण होने का लक्ष्य

बाकी बची 15 परियोजनाओं को 30 नवंबर तक पूरा करने की योजना है। इनमें सड़कों का चौड़ीकरण, ड्रेनेज सिस्टम, लाइटिंग, और अन्य बुनियादी सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण शामिल है। इससे शहर में यातायात सुगम होगा और आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### हनुमान मंदिर कॉरिडोर 10 दिसंबर तक होगा पूरा

महाकुंभ के प्रमुख आकर्षणों में शामिल हनुमान मंदिर कॉरिडोर का कार्य 10 दिसंबर 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। यह कॉरिडोर न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र होगा। इस कार्य को समय पर पूरा करने से मंदिर क्षेत्र में भीड़ प्रबंधन और सुगमता को सुनिश्चित किया जा सकेगा।

### समय पर पूरा होगा काम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने हाल ही में महाकुंभ की तैयारियों की समीक्षा की थी। इस बैठक में प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा संचालित परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई और समयबद्ध तरीके से काम पूरा करने का आश्वासन दिया गया।

### वर्जन

महाकुंभ में करोड़ों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। उनके आवागमन को सुगम बनाने के लिए रोड्स के चौंडीकरण, सुदृढ़ीकरण के साथ ही सौंदर्यीकरण पर युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है। प्रयागराज विकास प्राधिकरण सभी परियोजनाओं को समय पर पूर्ण कर श्रद्धालुओं और पर्यटकों के अनुभव को यादगार बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।
अजीत कुमार सिंह, पीडीए सचिव।

# सचिन वर्मा चंदौली आइकन अवार्ड से हुए सम्मानित

**चौरीचौरा।** इरादे कुछ करने का हो तो उम्र की कोई बाधा नहीं होती। ऐ बाते सटीक बैठती है शहीद नगर चौरी चौरा निवासी काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र सचिन गौरी वर्मा पर जो शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु राष्ट्रीय स्तर पर नेशनल सेमिनार ऑन ऑर्गेनिक सैनिटरी पैड एवं अवार्ड सेरेमनी में सेवन डेज फाउंडेशन की तरफ से चंदौली आइकन अवार्ड 2024 से मुगलसराय के सर्कल ऑफिसर सी ओ डीएसपी आशुतोष तिवारी ने सचिन गौरी वर्मा को सम्मानित किया एवं जीवन में आगे बढ़ने की शुभकामनाएं भी दी। सचिन पिछले 8 वर्षों से निःशुल्क बच्चों को पढ़ाते है एवं डिजिटल ट्रेनिंग देते है। पिछले 3 वर्षों से पर्सनैलिटी डेवलपमेंट एवं डिजिटल साक्षरता ट्रेनिंग भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, इलाहाबाद विश्विद्यालय, लखनऊ विश्विद्यालय, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्विद्यालय, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, सिद्धार्थनगर विश्विद्यालय इत्यादि महाविद्यालयों की छात्र छात्राओं को निःशुल्क दे रहे है। सचिन गौरी वर्मा ने बताया कि यह सब संभव हो पाया उनके गुरु एवं पंडित परशुराम मणि त्रिपाठी लोक कल्याण न्यास के संस्थापक तथा लेडी प्रसन्न कौर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर दिनेश मणि त्रिपाठी के आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन की देने है सचिन गौरी वर्मा ने अपनी संस्था पंडित महामना फाउंडेशन ट्रस्ट की स्थापना कर के शिक्षा के क्षेत्र में निःशुल्क कार्य करने का प्रण लिया है एवं इनके साथ अमेरिका की गीता तिवारी एवं पुणे महाराष्ट्र की अनुपमा सिंह भी मार्गदर्शक एवं ट्रेनर के तौर पर है।

# हरियाणा

# सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस पर कुरुक्षेत्र में आयोजित हुई रन फॉर यूनिटी

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लोगों के साथ दौड़ लगाकर भारत की एकता व अखंडता को और मजबूत करने का दिया संदेश









कुरुक्षेत्र, नवंबर : हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है, उसके लिए देश के 140 करोड़ लोगों व हरियाणा के लोगों का दायित्व बनता है कि वे सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर संकल्प लेते हुए उनके सपने को साकार करने में आगे बढ़ें। विकसित भारत बनाने में हरियाणा का महान योगदान होगा। मुख्यमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रन फॉर यूनिटी का हिस्सा बने लोगों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने सरदार वल्लभ भाई

### भारत की एकता और अखंडता को मजबूत करने में सरदार वल्लभभाई पटेल का अहम योगदान : नायब सिंह सैनी

पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर रन फॉर युनिटी में स्वयं दौड़ लगाते हुए भारत की एकता और अखंडता को और मजबूत करने का संदेश भी दिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी सरदार वल्लभभाई पटेल बहुआयामी सोच वाले व्यक्तित्व के धनी थे और जन-जन के दिलों में बसते हैं। कुरूक्षेत्र की इस पावन धरा से एकता का संदेश आज पूरे विश्व में जाएगा। रन फॉर यूनिटी का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता और अखंडता को और मजबूत करना है। आज पूरे भारत में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्र की एकता की दौड़ में हरियाणावासी भी आगे आकर भारत की एकता और अखंडता को और मजबूत करने का काम करेंगे।


### भारत की एकता और अखंडता को मजबूत करने में सरदार वल्लभभाई पटेल का अहम योगदान

नायब सिंह सैनी ने कहा कि एकता की माला से हम सब जुड़े हुए हैं। हमारा तन मन अलग है लेकिन हम सब एक साथ मिलकर राष्ट्र को मजबूत करने का काम कर रहे हैं। भारत की एकता और अखंडता को मजबूत करने में स्वतंत्रता सेनानी लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल का अहम योगदान है। दुनिया के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने 562 रियासतों का बिना किसी भेदभाव व जाति भेद के विलय करवाया है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल उच्च कोटि के राजनेता और प्रशासनिक व्यक्ति थे। उनके जीवन से हमें जानने को मिलता है कि उनका जीवन सदैव देश के हित और देश के लोगों समस्याओं के समाधान करने के लिए समर्पित रहा, ताकि आने वाली पीढ़ियां खुली हवा में साँस ले सकें। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाई, वहीं आजादी के बाद देश को एक सूत्र में पिरोने का अतुलनीय कार्य भी किया।

### प्रधानमंत्री ने धारा-370 व 35-ए को समाप्त करके सरदार वल्लभभाई पटेल के अखंड भारत के सपने को किया साकार

**नायब सिंह सैनी** ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने सरदार वल्लभभाई पटेल के पदचिन्हों पर चलते हुए जम्मू-कश्मीर में धारा 370 और 35 ए को हटाकर राष्ट्र को एक करके सरदार पटेल के अखंड भारत के सपने को साकार करने का काम किया है। प्रधानमंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि देते हुए गुजरात में विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा बनाई है जिसे स्टैचु आफ युनिटी का नाम दिया गया है। यह प्रतिमा युवा पीढ़ी के साथ-साथ सभी के लिए प्रेरणादायक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में अगले एक वर्ष के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश-प्रदेश, शहर, मोहल्ला, गांव को स्वच्छ बनाए रखने के लिए जो संकल्प लिया है उसे हमें मिलकर पूरा करना हैं। स्वच्छता को बनाए रखने में हम सबको अपनी-अपनी भूमिका निभानी है। यह कार्य केवल एक व्यक्ति का नहीं बल्कि सबको मिलकर करना है। नायब सिंह सैनी ने इस मौके पर उपस्थित सभी को राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई और भारत की एकता व अखंडता को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने ओलम्पिक व एशियन खेलों में धाक जमाने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया।

# हरियाणा के राज्यपाल ने हरियाणा दिवस पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं



बंडारू दत्तात्रेय।

चंडीगढ़, नवंबर : हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने गुरुवार को हरियाणा दिवस पर हरियाणा के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध संस्कृति और उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए हरियाणा के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। अपने संदेश में राज्यपाल ने कृषि, खेल, शिक्षा और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में हरियाणा की जबरदस्त प्रगति की सराहना की। इस प्रगति का श्रेय हरियाणा के लोगों की कड़ी मेहनत को दिया। दत्तात्रेय ने कहा कि हरियाणा दिवस पर न केवल जश्न मनाने का समय है बल्कि हरियाणा के लोगों की एकता, भाईचारे और प्रतिबद्धता को दर्शाने का भी क्षण है, जिसने वर्षों से हरियाणा की समृद्ध यात्रा को आगे बढ़ाया है। राज्यपाल ने भारत की हरित क्रांति में राज्य की महत्वपूर्ण भूमिका और राष्ट्रीय रक्षा और खेल में इसके योगदान पर प्रकाश डाला। हरियाणा प्रदेश ने अनगिनत एथलीट तैयार किए, जिन्होंने देश को गौरवान्वित किया है। हरियाणा का गौरव यहां के लोगों के समर्पण और देशभक्ति में निहित है, जो राज्य को विकास और एकता का मॉडल बनाते हैं। राज्यपाल ने लोगों से भविष्य की पीढ़ियों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अधिक सद्भाव, समावेशिता और सतत विकास की दिशा में मिलकर काम करने का आग्रह किया।

जिससे उन्हें हरियाणा की गौरवशाली विरासत को जारी रखने के लिए प्रेरणा मिले। हरियाणा अपना स्थापना दिवस मना रहा है।

राज्यपाल ने राज्य की प्रगति और विकास के साथ प्रत्येक हरियाणा वासी की खुशी, समृद्धि और सफलता की भी कामना की।

# बाबैन के विकास में कसर नहीं छोड़ूंगा आप मेरे पारिवारिक सदस्य शुभ दिवाली : सीएम सैनी



बाबैन विश्रामगृह में दिवाली पर्व पर क्षेत्रवासियों को संबोधित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

बाबैन, नवंबर : हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में प्रचंड जीत दर्ज करके तीसरी बार सत्ता में आई भाजपा सरकार के मुखिया ने दीवाली पर यहां विश्रामगृह में आकर क्षेत्र के लोगों को बधाई दी और प्रचंड जीत दिलवाने के लिए सभी का तहदिल से धन्यवाद किया। नायब सैनी ने कहा कि जिस प्रकार से हल्का लाडवा व बाबैन क्षेत्र की जनता ने उन्हें भारी मतों से जिताकर प्रदेश में भारी जीत दिलाई है, वे उसके सदा ऋणी रहेंगे। उन्होंने कहा कि पूरा हरियाणा प्रदेश तथा प्रत्येक हरियाणवी के हितों की रक्षा करते हुए विकास करवाना उनकी प्राथमिकता रहेगी, लेकिन बाबैन क्षेत्र की जनता ने उन्हें हमेशा आगे रखा है और वे क्षेत्र के विकास में किसी प्रकार की कसर नही छोड़ेंगे। पार्टी के लिए दिन-रात मेहनत करने वाले छोटे से छोटे कार्यकर्ता व क्षेत्र की जनता को पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुशील राणा, राजकुमार सैनी, मंडल प्रधान जसविन्द्र सैनी, सरपंच संजीव गोल्डी, मार्किट कमेटी प्रधान जगदीश ढिंगरा, विनोद सिंगला, जितेन्द्र गुग्गी, मेजर सिंह, जरनैल सैनी, ज्ञान सिंह, जसविन्द्र जास्ट, रविन्द्र सैनी भैणी, एडवोकेट बलदेव कल्याण, किशोरी लाल, ओमप्रकाश सैनी, डिंपल सैनी, रीना सैनी, चन्द्रकांता, कर्मवीर लोहट, राजिन्द्र सैनी हमीदपुर, रिन्कू कश्यप आदि मौजूद रहे।

## स्वयंभू नेताओं से परेशान भाजपाईयों ने सीएम के सामने जताया रोष



भाजपाईयों को शांत करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व सुरक्षाकर्मी।

**वहीं,** विश्रामगृह में कुछ देर के लिए माहौल उस समय गर्मा गया, जब सीएम के सामने ही कार्यकर्त्ताओं ने शोर-शराबा मचाना शुरू कर दिया। हुआ यूं कि क्षेत्र के कुछ स्वयंभू नेता खुद को सर्वोपरि मानते हैं और मुख्यमंत्री के प्रत्येक आगमन पर स्वयं को आगे रखते हैं। पुराने व मेहनती धरातली कार्यकर्त्ताओं को उन तक पहुंचने ही नहीं देते। दर्जनों कार्यकर्त्ताओं इस बात को चुनावी दौर से सहन कर रहे थे, लेकिन वीरवार की जनसभा में उनका गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने एक सुर में ऐसे स्वयंभू नेताओं को आगे से हटाने के लिए हंगामा कर दिया। सिक्योरिटी में तैनात कर्मियों की सुझबूझ से मामला शांत करवाया गया और सीएम सैनी ने खुद भी कार्यकर्त्ताओं को शांत रहने का इशारा किया। कुछ स्थानीय लीडरों से आहत और पार्टी की धरातल पर सेवा करने भाजपाईयों ने कहा कि कुछ स्वयंभू नेताओं से उन्हें हर बार परेशानी होती है, जिस पर पार्टी के उच्च नेताओं व स्वयं मुख्यमंत्री को भी संज्ञान लेना चाहिए।

### दीवाली की रात पटाखों के प्रदूषण ने बिगाड़ी प्रदेश की आबोहवा, एनसीआर में लोगों का सांस लेना भी हुआ दुष्वार

# हरियाणा में एचएसपीसीबी के आदेशों की जमकर उड़ी धज्जियां: दीवाली की रात 04 जिलों का 'एक्यूआई' 300 पार, 15 जिलों की आबोहवा में पटाखों के प्रदूषण ने घोला 'जहर'

### हर साल प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जिला उपायुक्तों को पटाखों की बिक्री, निर्माण, उपयोग और फोड़ने पर प्रतिबंध लगाने को लेकर जारी करता है आदेश, लेकिन एक भी जिले में नहीं होती पालना

### तकरीबन जिलों में अधिकारियों की नाक तले खुले में बिके पटाखे, लोगों ने जमकर फोड़े पटाखें, 12 बजे के बाद भी होती रही आतिशबाजी

चंडीगढ़, नवंबर : हरियाणा में दीवाली की रात 31 अक्तूबर को हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आदेशों की हर बार की तरह इस बार भी धज्जियां उड़ती नजर आई। तकरीबन जिलों में न केवल सुबह से शाम तक खुले में पटाखे बिकते नजर आए बल्कि रात 12 बजे के बाद भी आसमान में आतिशबाजी छोड़ी गई और पटाखे फोड़े गए। यह सब उन अधिकारियों की नाक तले हुआ, जिनकी एचएसपीसीबी ने डयूटियां लगाई थी। लापरवाही का नतीजा यह रहा कि दीवाली की रात पटाखों के कारण प्रदेश के चार जिलों का एक्यूआई 300 पार पहुंच गया तो 13 जिलों की आबोहवा में पटाखों के प्रदूषण ने जहर घोल दिया। जिसके चलते एक नवंबर को लोगों का सांस लेना भी दुष्वार हो गया।

खासकर एनसीआर से जुड़े जिले फरीदाबाद, गुरुग्राम, नूह, रोहतक, सोनीपत, रेवाड़ी, झज्जर, पानीपत, पलवल, भिवानी, चरखी दादरी, महेंद्रगढ़, जींद व करनाल सहित आसपास के जिलों में एक्यूआई बेहद खराब और खराब हालात में पहुंच गया। दरअसल, एचएसपीबीसी ने जिले की सीमा के भीतर आतिशबाजी में बेरियल साल्ट पर भी प्रतिबंध लगाया हुआ है। क्योंकि यह भारी वायु/ध्वनि प्रदूषण और ठोस अपशिष्ट जैसी समस्याओं का कारण बनता है। एचएसपीबीसी ने दीवाली पर ग्रीन पटाखों के जलाने का समय रात 08 बजे से 10 बजे तक निर्धारित किया था।

**क्यों जरूरी थी सावधानी, पर उड़ती रही धज्जियां, देखते रहे अधिकारी :** दीवाली के बाद पटाखे जलाने से हुए प्रदूषण से हवा में सांस लेना मुश्किल हो जाता है। प्रदूषण स्तर बढ़ने से सबसे ज्यादा परेशानी अस्थमा, कैंसर के मरीजों को हाती है। कई प्रकार की बीमारियों से जूझ रहे लोगों की इम्यूनिटी भी कम हो गई है। जिसके चलते प्रदूषण को नियंत्रित करना बेहद जरूरी हो गया है। पटाखों से बाहर निकलने वाले पार्टिक्यूलेट मैटर शरीर के अंदर चले जाते हैं और फेफडों में फंस जाते हैं। हार्ट डिसीज या अस्थमा जैसी बीमारियों से जूझ रहे लोगों के लिए यह बेहद जानलेवा होते हैं इसलिए इसकी रोकथाम को लेकर हर साल प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सभी जिला उपायुक्तों को आदेश जारी करता है।

लेकिन हर साल अधिकारी इन आदेशों को कागजों तक सीमित रखते हैं। एक भी जिले में इनकी खुबसूरती के साथ पालना नहीं होती है।

**त्यौहारों पर पटाखे फोड़ना हवा में जहर घोलने के बराबर :** हरियाणा प्रदूषण नियंत्रिण बोर्ड के आदेशों के मुताबिक विभिन्न घटनाओं के अलावा दिवाली और अन्य त्यौहारों जैसे गुरुपर्व, क्रिसमस, नववर्ष की पूर्व संध्या के दौरान पटाखे फोड़ने से होने वाले उत्सर्जन से न केवल हवा में धातु के कण, खतरनाक विषाक्त पदार्थ, हानिकारक रसायन और हानिकारक गैसें निकलती हैं बल्कि परिवेशी वायु में कण पदार्थों की सांद्रता भी बढ़ जाती है, जो पूरे हरियाणा में प्रदूषण के स्तर को बढ़ाने में योगदान देता है।

पटाखे जलाने और वायु प्रदूषण बढ़ाने के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट और एनजीटी भी कई प्रकार के आदेश दे चुकी है। लिहाजा जनहित में ग्रीन क्रैकर्स को छोड़कर संयुक्त पटाखों (सीरीज क्रैकर्स या लारिस) व सभी प्रकार के अन्य पटाखों के निर्माण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लगाना आवश्यक है।

आतिशबाजी में बेरियम लवणों का उपयोग भी जिले की सीमा के भीतर प्रतिबंधित किया जाना चाहिए, क्योंकि इससे भारी वायु/ध्वनि प्रदूषण और ठोस अपशिष्ट की समस्या उत्पन्न होती है।

## इन जिलों का ये रहा एक्यूआई

| जिला | एक्यूआई | एयर क्वालिटी |
|---|---|---|
| अंबाला | 308 | बेहद खराब |
| बहादूरगढ़ | 289 | खराब |
| बल्लभगढ़ | 224 | खराब |
| भिवानी | 288 | खराब |
| चरखी दादरी | 228 | खराब |
| दारूहेड़ा | 259 | खराब |
| फरीदाबाद | 296 | खराब |
| फतेहाबाद | 248 | खराब |
| गुरुग्राम | 361 | बेहद खराब |
| हिसार | 252 | खराब |
| जींद | 340 | बेहद खराब |
| कैथल | 264 | खराब |
| करनाल | 232 | खराब |
| कुरुक्षेत्र | 304 | बेहद खराब |
| मानेसर | 248 | खराब |
| पंचकूला | 251 | खराब |
| पानीपत | 211 | खराब |
| रोहतक | 272 | खराब |
| सिरसा | 217 | खराब |
| सोनीपत | 259 | खराब |
| यमुनानगर | 265 | खराब |

# लावण्या ने राज्य स्तर पर यदुवंशी शिक्षा निकेतन का नाम किया रोशन



छात्रा लावण्या को सम्मानित करते मुख्यमंत्री नायब सैनी।

जींद, नवंबर : यदुवंशी शिक्षा निकेतन की कक्षा 2 की छात्रा लावण्या ने चौथे रोहतक जिला अंतर-विद्यालय नृत्य प्रतियोगिता 2024 में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। लावण्या की कड़ी मेहनत और उत्कृष्ट प्रतिभा के बल पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए लावण्या का चयन हुआ है। विद्यालय के प्रधानाचार्य जतिन कथूरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि लावण्या ने हरियाणा के सबसे बड़े सांस्कृतिक उत्सव रत्नावली महोत्सव में हरियाणवी नृत्य का अद्भुत प्रदर्शन किया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित इस प्रतिष्ठित महोत्सव में मुख्यमंत्री नायब सैनी की उपस्थिति में लावण्या ने अपनी नृत्य कला का ऐसा प्रदर्शन किया कि मुख्यमंत्री भी उसकी प्रतिभा की प्रशंसा किए बिना नहीं रह सके। प्रधानाचार्य जतिन कथूरिया ने कहा कि लावण्या की इस सफलता पर हमें अपार गर्व है। उसके इस अद्भुत प्रदर्शन ने यदुवंशी शिक्षा निकेतन का नाम रोशन किया है। लावण्या की मेहनत और उसके परिवार का समर्थन निश्चित ही उसकी सफलता का आधार है। हम आशा करते हैं कि राज्य स्तर पर भी वह इसी तरह अपनी कला से सभी को प्रभावित करेगी और हमारे विद्यालय का गौरव बढ़ाएगी। इसी के साथ यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने भी लावण्या को बधाई दी और कहा कि लावण्या की यह सफलता पूरे विद्यालय और क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

### हरियाणा ने विधानसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतों से भाजपा को जीत दिलाकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया

# दीपावली बना वैश्विक प्रकाश पर्व, बढ़ा भारत का मान-सम्मान : मनोहर लाल






एमजेआर में आयोजित दीपावली मिलन एवं अभिनंदन समारोह में केंद्रीय मंत्री मनोहरा लाल का स्वागत करते पार्टी पदाधिकारी व दीपावली मिलन एवं अभिनंदन समारोह में उपस्थित कार्यकर्ता।

पानीपत, नवंबर : एमजेआर संस्थान में जिला स्तरीय दिवाली मिलन एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि रहे।

हरियाणा के पंचायत मंत्री कृष्णलाल पंवार और शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा विशेष अतिथि रहे।

शहरी विधायक प्रमोद विज, समालखा विधायक मनमोहन भड़ाना, प्रदेश महामंत्री डॉ.अर्चना गुप्ता और पूर्व सांसद संजय भाटिया विशिष्ट अतिथि रहे। पूर्व मेयर अवनीत कौर और केंद्रीय मंत्री एवं करनाल सांसद मनोहर लाल के पानीपत प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा अति विशिष्ट अतिथि रूप में मौजूद रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि मनोहर लाल ने दीपावली, भगवान विश्वकर्मा दिवस, हरियाणा दिवस, गोवर्धन पूजा और राष्ट्रीय एकता दिवस की शुभकामनाएं दी। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि दीपावली पर्व सुख समृद्धि का शुभ संदेश देता है और दीपावली का यह अनूठा उत्सव अब वैश्विक प्रकाश पर्व के रूप में विश्व के अधिकतर देशों में मनाया जाने लगा है। दीपावली भारत और भारतवंशियों की उन्नति के साथ-साथ प्रत्येक भारतीय वस्तु में विश्व मानव की दिलचस्पी लगातार बढ़ रही है। इसलिए सभी प्रबुद्ध नागरिकों को विशेषकर युवा वर्ग को भारत को वर्ष 2047 से पूर्व शिक्षित और विकसित राष्ट्र बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए ताकि देश के स्वतंत्रता सेनानियों का समृद्ध भारत का सपना साकार हो सके। उन्होंने मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हरियाणा ने विधानसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतों से भाजपा को जीत दिलाकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

इस उपलब्धि के लिए वे जहां हरियाणा की जनता को बधाई देते हैं। वहीं हरियाणा के सभी पार्टी पदाधिकारियों और पार्टी के सभी कर्मठ कार्यकर्त्ताओं का आभार भी व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि गत 10 वर्षों के दौरान भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय और प्रदेश सरकार ने जहां भारत में विकास और अमन शांति का वातावरण बनाए रखा, वहीं पारदर्शी सुशासन देने का काम भी किया है। ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि विद्युत विकास की धुरी है और बिजली की बचत ही बिजली उत्पादन के समान है और बिजली व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं। फिर भी बिजली बचत के लिए लोगों को और अधिक जागरुक किया जाना चाहिए। पंचायत मंत्री कृष्णलाल पंवार ने कहा कि भारत में प्राचीन काल से पंचायती राज संस्थाओं का किसी ना किसी रूप में अस्तित्व कायम रहा है। इसी के दृष्टिगत हरियाणा में पंचायती राज संस्थाओं को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि शिक्षा विकास का आधार है। आधुनिक शिक्षा के अभाव में एक मनुष्य के रूप में सुखी जीवन जीने की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसलिए हरियाणा में प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक शिक्षा व्यवस्था का आधुनिकीकरण किया जाएगा ताकि और प्रतिभाशाली छात्रों को उच्च पदों पर बिना किसी खर्ची.पर्ची के देश. विदेश और प्रदेश स्तर पर सरकारी रोजगार दिया जा सके। प्रदेश महामंत्री डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि दीपावली अज्ञानता का अंधकार मिटाने का प्रकाश पर्व है। विधायक प्रमोद विज ने कहा कि वे दिवाली पर पानीपत शहर को विकास के क्षेत्र में प्रथम स्थान पर लाने संकल्प लेते हैं। समालखा विधायक मनमोहन भड़ाना ने कहा कि यह देश सरदार पटेल और प. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे महापुरुषों का देश है। भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने समारोह में आए सभी अतिथियों, पदाधिकारियों और वरिष्ठ कार्यकर्त्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिला की जनता ने सभी चारों विधानसभाओं पर कमल खिला कर नया इतिहास रच दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मध्य प्रदेश स्थापना दिवस पर सारिका ने किया नया वीडियो जारी



**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश के 69वें स्थापना दिवस पर नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने मध्य प्रदेश की महिमा का गान का वीडियो जारी कर बताया कि विकास और समृद्धि की नई ऊंचाई प्राप्त कर रहे हमारे प्रदेश का स्थापना दिवस हमें यहां की समृद्धि, प्रगति, इतिहास और संस्कृति की याद दिलाता है। सारिका ने कहा कि मध्यप्रदेश में भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े चार स्थानों उज्जैन का सांदीपनि आश्रम, उज्जैन का ही नारायण धाम, धार जिले का अमझेरा धाम मंदिर और इंदौर के महू में भगवान परशुराम की जन्मस्थली जानापाव को विकसित किया जा रहा है। यहां चीता के आगमन के बाद प्रदेश की नई पहचान बनी है। स्वच्छता में इंदौर ने लगातार अपनी पहचान बनाई है। महाकाल लोक एवं अन्यलोक के साथ पचमढ़ी तथा अन्य नेशनल पार्क प्रदेश में पर्यटन को बढ़ा रहे हैं। जैव विविधता और सौंदर्य से भरे हमारे प्रदेश पर हम सभी प्रदेशवासी गर्व करें।

### नवोदय के पूर्व छात्रों का दिवाली मिलन समारोह आज

**पांढुर्णा।** जवाहर नवोदय विद्यालय पूर्व छात्र संगठन (जेएनवी एल्युमिनी एसोसिएशन) द्वारा आयोजित किए जाने वाले दिवाली मिलन समारोह का आयोजन इस वर्ष भी 2 नवंबर को एसडी लॉन नागपुर रोड छिंदवाड़ा में किया जा रहा है। इस अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय सिंगोड़ी – अमरवाड़ा में अध्ययन कर चुके पूर्व छात्र



उमंग कार्यक्रम में एकजुट होंगे। प्रतिवर्ष अनुसार इस साल भी जवाहर नवोदय विद्यालय के पूर्व छात्र उमंग के बैनर तले दीपावली मिलन समारोह में भाग लेंगे। शनिवार को एसडी लॉन में होने वाले कार्यक्रम में पांढुर्णा और छिंदवाड़ा जिले से आने वाले नवोदय के पूर्व छात्र सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएंगे। नवोदय विद्यालय के पूर्व छात्र गुरुवार को चंदन नगर छिंदवाड़ा स्थित अनाथ आश्रम में जाकर वहा निवासरत बच्चों के साथ दीपावली की खुशियां बाटी। इस अवसर पर उमंग के साथियों ने फटाके, मिठाई, समोसे, बिस्कुट और नमकीन आदि उपहार स्वरूप प्रदान किये। जिस प्रकार बच्चों के चेहरे पर खुशियां साफ झलक रही थी। जवाहर नवोदय विद्यालय पूर्व छात्र संगठन उमंग के प्रमुख किशोर देशमुख ने नवोदय के पूर्व छात्रों से बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया।

**अनाथ आश्रम में बच्चों से मिले एल्युमिनी, एसडी लॉन में जुटेंगे जवाहर नवोदय विद्यालय के पूर्व छात्र**

# चित्रगुप्त पूजनोत्सव की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक संध्या सह सम्मान समारोह का आयोजन।

## चित्रगुप्त सामाजिक संस्थान ने 51 कलमजीवियों को सम्मानित किया

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**पटना।** सामाजिक सांस्कृतिक संस्था चित्रगुप्त सामाजिक संस्थान के 51वें समरोह के अवसर पर शनिवार को भगवान श्री चित्रगुप्त पूजनोत्सव की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक संध्या सह सम्मान समारोह का आयोजन गिरिराज उत्सव पैलेस में किया गया। समारोह का उद्घाटन बिहार विधान सभा के अध्यक्ष नन्द किशोर यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह की अध्यक्षता ख्यातिप्राप्त चिकित्सक पद्मश्री डॉक्टर गोपाल प्रसाद सिन्हा ने की। कार्यक्रम का संचालन कमलनयन श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर 'कलमजीवी' पत्रिका के 51 वें अंक का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद रविशंकर प्रसाद विशिष्ट अतिथि के रूप में उप महापौर रेशमी चन्द्रवंशी, समाजसेवी राजेश बल्लभ, दूरदर्शन के राज कुमार नाहर उपस्थित रहे। पूर्व केन्द्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने कहा कि समाज और राष्ट्र के नवनिर्माण में कलमजीवियों का महत्वपूर्ण योगदान है। राजनैतिक क्षेत्र हो या सामाजिक , आध्यात्मिक क्षेत्र हो या साहित्यिक हर क्षेत्र में चित्रांश आगे रहे हैं। पद्मश्री डॉ. गोपाल प्रसाद सिन्हा ने कहा कि जाति और मजहब से कलम ऊपर है। भगवान चित्रगुप्त समस्त प्राणी जगत के पाप पुण्य का लेखा जोखा करते हैं। उन्हें जाति और धर्म से नहीं बांधा जा सकता है। बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने कहा कि भगवान श्री चित्रगुप्त जाति विशेष के नहीं बल्कि प्राणी जगत के अक्षरदाता हैं। राष्ट्र एवं समाज के नव निर्माण एवं साक्षर बनाने में कलमजीवियों की अहम भूमिका है। समारोह के मौके पर 51 कलमजीवियों को नामित सम्मानों से सम्मानित किया गया। सुप्रसिद्ध कथक नृत्यांगना डा.रमा दास का लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड सम्मानित किया गया। पद्मश्री डॉ नरेन्द्र प्रसाद सम्मान (डॉ. शंकर नाथ ख्यातिनाम सर्जन पटना),डॉ. दीनानाथ शरण सम्मान (पूनम कतरियार साहित्यकार),प्रधान ज्वाला प्रसाद



सम्मान(ई० किशोर कुमार सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता व समाजसेवी),प्रो० (डॉ०) इन्दिरा सिन्हा सम्मान (डॉ. दिव्या सहाय प्राध्यापिका, पटना),पद्मश्री डॉ० शैलेन्द्रनाथ श्रीवास्तव सम्मान (प्रो० के. सी. सिन्हा पूर्व कुलपति),डॉ. हरिवंश राय 'बच्चन' सम्मान (डॉ अनीता राकेश साहित्यकार) ,गीतकार गोपीबल्लभ सहाय सम्मान (प्रेरणा प्रताप कवयित्री एवं दूरदर्शन उद्घोषिका), कृष्णा जमैय्यार सम्मान (डॉ. अणिमा श्रीवास्तव शिक्षिका),रणधीर प्रसाद वर्मा सम्मान (अंजनी सिन्हा बिहार पुलिस सेवा (अवकाश प्राप्त), डॉ. मुरलीधर श्रीवास्तव 'शेखर' सम्मान (प्रियंका श्रीवास्तव 'शुभ्र ' लेखिका),हिमांशु श्रीवास्तव सम्मान (ऋचा वर्मा लघुकथाकार), कविवर सुरेन्द्र नाथ सक्सेना सम्मान (आराधना प्रसाद कवयित्री),डा० स्वामीनन्दन प्रसाद सम्मान (डा० अमिताभ सिन्हा सीनियर यूरोलोजिस्ट, पटना), अनिल कुमार सिन्हा सम्मान (रवि नन्दन प्रसाद समाजसेवी), राजू श्रीवास्तव सम्मान (अभय सिन्हा अभिनेता एवं निदेशक),ठाकुर प्रसाद सम्मान (न्यायमूर्ति अमरेश कुमार लाल( अवकाश प्राप्त) पटना उच्च न्यायलय),जटाशंकर दास सम्मान (विमला दत्त मधुबनी पेंटिंग, मधुबनी), डा.फणिभूषण प्रसाद सम्मान ( डा. कुमार राहुल रेडियोलोजिस्ट, पटना), 'कायस्थ रत्न' कृष्णनन्दन सहाय सम्मान ( डॉ. आशीष कुमार सिन्हा निगम पार्षद ( वार्ड-38) पटना नगर निगम), हरेन्द्र कुमार सम्मान (केतन आनंद समाजसेवी), कामेश चंद्र श्रीवास्तव सम्मान (डा. मनोज सन्ढ़वार सहायक प्राध्यापक एवं समाजसेवी), राजू श्रीवास्तव सम्मान 2023 (धामा वर्मा),चित्रगुप्त सेवा सम्मान, प्रो. (डॉ०) प्रवीण कुमार प्राचार्य, ए० एन० कॉलेज, पटना, कुमार गौरी शंकर सिन्हा ,समाजसेवी, हैप्पी श्रीवास्तव शिक्षिका एवं नृत्यांगना, छपरा, सीमा रानी पूर्व शिक्षिका एवं साहित्यकार, अपराजिता रंजना कवयित्री, प्राची श्रीवास्तव अभिनेत्री एवं गायिका, गीतावली सिन्हा लेखिका एवं समाज सेविका, श्वेता गजल कवयित्री एवं लेखिका सुरभि सहाय महिला उद्यमी, डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव लेखक एवं प्रेरक वक्ता प्रेम कुमार, उपसंपादक यूनीवार्ता संजीव दयाल, वित्त प्रबंधन सलाहकार प्रसाद रत्नेश्वर नाट्य एवं संस्कृतिकर्मी, पूर्वी चम्पारण, डॉ. प्रमोद कुमार साहित्य एवं समाजसेवी प्रेम बल्लभ सहाय सीनियर क्रिकेटर एवं सीनियर एन.आई. एस. क्रिकेट कोच साउथ जोन अंकिता सिन्हा अभिनय एवं निर्देशन, बेगूसराय,एवं अन्य शामिल हैं। उन्हें शाल, प्रतीक चिन्ह एवं पौधा देकर सम्मानित किया गया।अतिथियों का स्वागत पूर्व वार्ड पार्षद अवधेश कुमार सिन्हा और धन्यवाद ज्ञापन संस्था के अध्यक्ष गणेश सिन्हा ने दिया। मौके पर इस अवसर पर प्रो. डा. सुधा सिन्हा की पुस्तक भारत विश्वगुरू की ओर हाथों में भक्ति की डोर का लोकापर्ण किया गया। कार्यक्रम में उजाला राज, मधुरम , प्राची श्रीवास्तव, हैप्पी श्रीवास्तव,सार्थक सक्सेना, राहुल श्रीवास्तव, कुमार पंकज सिन्हा,मधुरेश शरण,अविनाश नारायण लाल और प्रेम कुमार की प्रस्तुतियां सराही गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने में धीरज कुमार सिन्हा, डा.अशोक सिन्हा, मनीष माथुर, डा. प्रमोद कुमार, सार्थक सक्सेना, संजीव दयाल, कुमार गौरी शंकर सिन्हा,रवि श्रीवास्तव और राजेश राज सक्रिय रहे।

# मानवता की रक्षा को आगे आए नई पीढ़ी के पत्रकार एवं मीडिया कर्मी।

**पत्रकारों के खिलाफ अपराध से मुक्ति के अंतर्राष्ट्रीय दिवस (इंटरनेशनल डे टू इंड इंपुनिटी फॉर क्राइम्स अगेंस्ट जर्नलिस्ट्स) पर सत्याग्रह रिसर्च फाउंडेशन, मदर ताहिरा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा कार्यक्रम का आयोजन।**

**>> दुनिया भर में विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं, युद्ध प्रभावित क्षेत्रों एवं विभिन्न घटनाओं में मारे गए पत्रकारों एवं मीडिया कर्मियों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि।**

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**चंपारण।** पत्रकारों के खिलाफ अपराधों के समाप्ति के अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय पीस एंबेस्डर सह सचिव सत्याग्रह रिसर्च फाउंडेशन डॉ. एजाज अहमद अधिवक्ता, डॉ. सुरेश कुमार अग्रवाल चांसलर प्रज्ञान अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय झारखंड, डॉ. शाहनवाज अली, डॉ.अमित कुमार लोहिया, वरिष्ठ पत्रकार सह संस्थापक मदर ताहिरा चैरिटेबल ट्रस्ट डॉ अमानुल हक, सामाजिक कार्यकर्ता नविन्दु चतुर्वेदी,पश्चिम चंपारण कला मंच की संयोजक शाहीन परवीन ने संयुक्त रूप से विभिन्न प्राकृतिक घटनाओं में मारे गये पत्रकारों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि आपदाओं, युद्ध क्षेत्रों और दुनिया भर में विभिन्न घटनाओं पर संयुक्त राष्ट्र ने पत्रकारों और मीडिया कर्मियों के खिलाफ सभी हमलों की निंदा करने के लिए इसे नामित किया है। इस मंच के माध्यम से फिलिस्तीन इजरायल युद्ध में लगभग 100 से अधिक एवं युक्रेन रुस युद्ध में लगभग 50 से अधिक पत्रकारों एवं मीडिया कर्मियों के ( शहादत) मारे जाने एवं दर्जनों पत्रकारों के घायल होने एवं लापता होने पर हम सभी अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं एवं विश्व भर में मारे गए पत्रकारों एवं मीडिया कर्मियों पर हमलो की निंदा करते हैं। दिसंबर 2013 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2 नवंबर को पत्रकारों के खिलाफ अपराधों के लिए अंतर्राष्ट्रीय दण्डमुक्ति दिवस के रूप में घोषित किया। यह तारीख 2 नवंबर 2013 को माली में दो फ्रांसीसी पत्रकारों, क्लाउड वेरलॉन और घिसलीन ड्यूपॉन्ट की हत्या (शहादत)की याद में चुनी गई थी। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि दुनिया के पत्रकारों और मीडिया कर्मियों की नई पीढ़ी लोकतंत्र और मानवता की रक्षा के लिए आगे आये. लोकतंत्र को मजबूत करने और मानवता की रक्षा करने, असंवैधानिक कृत्यों को उजागर करने और सतत विकास लक्ष्यों 2030 (एसडीजी) को आगे बढ़ाने में प्रेस की स्वतंत्रता महत्वपूर्ण है। इस मंच के माध्यम से हम सरकारों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से पत्रकारों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने का आह्वान करते हैं। इस साल 2024 में पूरी दुनिया में 150 से ज्यादा पत्रकारों की समाज में अपनी भूमिका निभाते हुए और अपना कर्तव्य निभाते हुए हत्या कर दी गई. इस मंच पर हम उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। हमें पत्रकारों की सुरक्षा पर संयुक्त राष्ट्र कार्य योजना की 11वीं वर्षगांठ मनाते हुए खुशी हो रही है। संयुक्त राष्ट्र का लक्ष्य सभी मीडिया कर्मियों के लिए एक सुरक्षित और खुला वातावरण, दण्ड से मुक्ति की एक साझा संस्कृति और पत्रकारों की सुरक्षा बनाना है। उन्हें अपना आवश्यक कार्य करने में सक्षम बनाने पर जोर दिया जा रहा है। प्रचार, ऑनलाइन हिंसा और घृणास्पद भाषण, विशेष रूप से महिला पत्रकारों के खिलाफ, ने दुनिया भर में मीडिया कर्मियों के खिलाफ हिंसा को बढ़ा दिया है। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि पत्रकारों के खिलाफ अपराध से मुक्ति का अंतर्राष्ट्रीय दिवस हमारे मीडिया कर्मियों को सम्मानित करने और सभी के लिए सच्चाई, न्याय, मानवता की सुरक्षा और मानवाधिकारों के लिए खड़े होने का संकल्प लेने का एक अवसर है।

# अपना घर पहुंचे जनप्रतिनिधि वृद्धजनों को बांटे उपहार

■ दमोह

जिले के सांसद राहुल सिंह, पूर्व वित्तमंत्री एवं दमोह के विधायक जयंत कुमार मलैया और कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के साथ जनप्रतिनिधिगणों ने आज वृद्धाश्रम (अपना घर) पहुंचकर वृद्धजनों के साथ दीपोत्सव का पर्व मनाया। इस अवसर पर सांसद श्री राहुल सिंह, विधायक जयंत कुमार मलैया, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने वृद्धजनों को वस्त्र, मिठाई के साथ उपहार भेंट किये और वृद्धजनों से आर्शीवाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर सांसद राहुल सिंह लोधी ने सभी नगर वासियों को दिवाली की शुभकामनाएं देते हुये कहा प्रधानमंत्री श्री मोदी निरंतर हर वर्ष दिवाली कहीं ना कहीं मनाते हैं। आज वृद्धाश्रम में हम सभी को दिवाली मनाने का मौका मिला और निश्चय ही मन को आत्म संतुष्टि मिली। ऐसे लोगों के साथ दिवाली मनाने में और मज़ा आता, जिनके साथ कोई नहीं रहता, उनका स्नेह और उनका आशीर्वाद आज भरपूर मिला। माता रानी से यही प्रार्थना करूँगा की इस दिवाली सुख, समृद्धि, यश, कीर्ति दे और इन माताओं का सबका आशीर्वाद पूरे दमोह वासियों को मिले।

पूर्व वित्त मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने सभी को दिवाली की बहुत बहुत हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा आप स्वस्थ रहें, प्रसन्न रहें, यही प्रभु से कामना है। उन्होंने वृद्धजनों से आग्रह करते हुये कहा यदि आप लोगों की कोई मांग हो तो बतायें, हम लोग पूरा करने की कोशिश करेंगे।

# स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी से अवैध जाँच घर, अल्ट्रासॉउन्ड संचालकों व दवा दुकानदारों में मचा हड़कंप।

## एसडीएम एवं अस्पताल उपाधीक्षक द्वारा आराध्या जांच घर,विभा ड्रग एजेंसी, बगहा 1 को किया गया सील



(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**बेतिया।** पश्चिम चंपारण ज़िला स्थित बगहा के बगहा अनुमंडल क्षेत्र में अवैध रूप से जाँच घर, अल्ट्रासाउंड संचालन,व नकली प्रतिबंधित दवा दुकानदारो द्वारा बिक्री किए जाने सम्बन्धित कई शिकायत स्वास्थ्य विभाग को आम जनों द्वारा की जा रहीं थीं जिसपर संज्ञान लेते हुए आज दिनांक 2.11.2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में अनुमंडल पदाधिकारी, गौरव कुमार द्वारा आराध्या जांच घर, बगहा 01 एवं विभा ड्रग एजेंसी,बगहा 01को अवैध संचालन के आरोप में जांच किया गया।निरिक्षण व छापेमारी दल में प्रखंड विकास पदाधिकारी बगहा 1, उपाधीक्षक अनुमंडल पदाधिकारी बगहा, डॉ अशोक कुमार तिवारी,थाना अध्यक्ष बगहा व अन्य लोगउपस्थित थे। आराध्या जांच घर एवं विभ ड्रग एजेंसी के प्रोपराइटर को खबर लगते ही वे और उनके स्टॉफ अवैध संचालित दुकान छोड़कर भाग गए, इसके पश्चात दोनों दुकान को सील कर दिया गया तथा उपाधीक्षक अनुमंडल अस्पताल बगहा, प्रखंड विकास पदाधिकारी बगहा 1 एवं थाना अध्यक्ष बगहा को सम्यक जांच उपरांत प्राथमिकी दर्ज करने हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी बगहा 1 को निर्देशित किया गया है।

**- गैर लाइसेंसी केंद्रों में आगे भी होगी कारवाई - डॉ ए. के तिवारी:**

- डॉ ए. के तिवारी ने चेतावनी देते हुए झोलाछाप अवैध चिकित्सकों, दवा दुकान व जाँच घर के संचालकों को कहा कि अनुमण्डलीय क्षेत्र में भविष्य में सारे अवैध क्लिनिक और जाँच घर को सील कर दिया जाएगा जो मानक के अनुरुप नही हैं।उन्होंने बताया की दोषियों कि जाँच की खानापूर्ति नहीं की जाएगी,पकड़े जाने वालों को जेल भेजा जाएगा साथ ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बिना लाइसेंस के संचालित निजी अस्पतालों और पैथोलॉजी के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान की इस कार्रवाई से अवैध पैथोलॉजी, दवा व अल्ट्रासॉउन्ड संचालकों में हड़कंप मच गया है। कई लोग सीसीटीबी लगाकर रोड पर निगाहें लगाकर बैठे दिखाई दे रहें है।



### डॉ. कु.समरिया ने किया गौ-माता का पूजन



**दमोह।** मप्र राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ.रामकृष्ण कुसमरिया ने आज अपने ग्रह ग्राम सकोर में गोबर्धन पूजा और गौ-माता की पूजा की। पंडित दिनेश गोश्वामी ने विधिविधान से पूजा अर्चना संपन्न कराई। डॉ.कुसमरिया ने गाय का पूजन कर भोजन कराया, दीवाली के दूसरे दिन आज परमा पर बुंदेलखंड अंचल में गोबर्धन पूजा और गायों की पूजा का विशेष महत्व होता है। पशुपालक देव स्थलों पर गायों की पूजा अर्चना करते हैं।

# स्थापना दिवस : कीर्ति स्तम्भ पर जलाए दीप-रंगोली बनाई

■ दमोह

मध्यप्रदेश स्थापना स्थापना दिवस के अवसर पर आज शाम कीर्ति स्तम्भ चौक में दीपोत्सव, रंगोली और मध्यप्रदेश गान का आयोजन किया गया। इस मौके पर पूर्व वित्तमंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने कहा आज मध्यप्रदेश की स्थापना दिवस के अवसर पर कीर्ति स्तम्भ पर हमारे प्रदेश को बने जितने वर्ष हो गए है, उतने ही दीपक दमोह की बेटियों और हम सबके द्वारा प्रज्वलित किये गये और बहुत अच्छे तरीके से सजाया गया। उन्होंने कहा मैं आशा करता हूँ कि मध्य प्रदेश आगे आने वाले समय में और अधिक तरक्की करेगा। इस अवसर पर उन्होंने सभी को दीपावली पर्व की बहुत-बहुत



शुभकामनाएं भी दी।

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा आज मध्य प्रदेश का 69 वां स्थापना दिवस है और इस शुभ अवसर पर विधायक जी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में आज कीर्ति स्तंभ पर यह कार्यक्रम हुआ है, जिसमें स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों के द्वारा बहुत खूबसूरत रंगोली बनाई गई। दीपावली का अवसर है तो दीप प्रज्वलन भी किये गये। यह इस बात का संकेत है मध्यप्रदेश को हम एक विकसित और समृद्ध मध्यप्रदेश गढ़ने की तरफ ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा सारे शहर के नागरिक आज यहाँ इकट्ठे हुए हैं, ये उनका एक संकल्प बताता है की हम सब विकसित और समृद्ध मध्यप्रदेश के निर्माण में एक साथ हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा इसी प्रकार से 2 नवम्बर को शाम 5 बजे बेलाताल में एक बड़ा कार्यक्रम रखा गया है, सभी से आग्रह है कि आज शाम बेलाताल भी पधारे। इसी प्रकार से बरबासा गांव में गोवर्धन पूजा का एक बड़ा कार्यक्रम विधायक जी के मुख्य आतिथ्य में प्रातः 10:30 बजे से है। सभी से आग्रह है कि सभी लोग उस कार्यक्रम में भी उपस्थित रहें। इसी कड़ी में 03 नवम्बर को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस का मुख्य समारोह कलेक्ट्रेट परिसर में होने वाला है। यहाँ पर ऑर्गेनिक हॉट भी लगाया जायेगा। साथ में स्कूल शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जायेगा। उन्होंने आग्रह करते हुये कहा कि दमोह जिले के लोग इन सभी कार्यक्रमों में बड़े पैमाने पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर इन कार्यक्रमों का लाभ ले। सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा ने कहा 3 दिन तक मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के विभिन्न आयोजन किए जाने है, इसी कड़ी में पहला आयोजन कीर्ति स्तंभ पर किया गया है। आज 02 नवम्बर को जिले की सभी शासकीय गौशालाओं में पूजा कार्यक्रम है, यह एक बड़ा आयोजन है। 03 नवम्बर को जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्ट्रेट में है।

**लोकार्पण** — जनप्रतिनिधियों ने सरदार वल्लभभाई पटैल की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

# दमोह के कौंरासा की गौ-शाला में आज होगा भव्य आयोजन

■ दमोह

इस बार सरकार गोवर्धन पूजा का कार्यक्रम 2 नवम्बर को मना रही है, हमारे यहां दमोह में गोवर्धन पूजा का कार्यक्रम ग्राम कौंरासा की गौ-शाला में आयोजित किया जायेगा। सभी नागरिकगण आमंत्रित है। इस आशय के विचार प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल ने आज सरदार वल्लभ भाई पटैल की जन्म जयंती पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुये व्यक्त किये।

इस अवसर पर पशुपालन राज्यमंत्री लखन पटैल, सांसद राहुल सिंह लोधी, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर,




नरेद्र बजाज, गौरव पटैल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने सरदार वल्लभभाई पटैल की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर नमन किया। राज्यमंत्री श्री पटैल ने सभी को दीपावली की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देते हुये कहा विधायक जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं कि हमारे समाज के लिए एक बहुत अच्छी जगह अलॉट करके भवन बनाने की बात कही है, सांसद राहुल का भी धन्यवाद करना चाहता हूं। सांसद श्री राहुल सिंह ने 10 लाख, विधायक श्री मलैया ने 10 लाख और पशुपालन राज्यमंत्री ने 10 लाख रूपये भवन बनाने हेतु देने की घोषणा की।

राज्यमंत्री श्री पटैल ने कहा यहां पर 12000 वर्ग फीट जमीन जिसमें से 6000 वर्ग फुट यादव समाज के लिए, 6000 वर्ग फुट कुर्मी समाज के लिए आरक्षित कर दी है, वहां पर काम शुरू हो जाएगा इसके लिए विधायक जी और सांसद जी का धन्यवाद करता हूं। सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा जब कोई महापुरुष, कोई वीरांगना भारत के लिए लड़ते हैं चाहे वह सीमा पर लड़े या कोई नीति निर्धारण करते हुये देश या समाज के हित में काम करते हैं तो वह किसी जाति के नहीं होते हैं, चाहे हम सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की बात करें, वीरांगना रानी अवंतिका बाई की बात करें, शिवाजी की बात करें, उन्होंने एक निर्णय लिया जिससे सभी जाति, सभी समाज इकट्ठे हुए, एक होकर उन्होंने काम किया तभी हमें आजादी मिली है। प्रदेश के पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने सरदार वल्लभभाई पटेल जी की भव्य मूर्ति स्थापित की है, इसके लिए उन्हें धन्यवाद देता हूं, प्रधानमंत्री जी उनके नक्शे कदम पर आज भारत के लिए काम भी कर रहे हैं।

उन्होंने कहा हम सभी को एकत्रित होकर एकता के सूत्र में बंध कर अपने-अपने क्षेत्र और देश का विकास करने का बहुत अच्छा समय है। हमारी सीमाएं सुरक्षित है, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के शासनकाल से जो शक्ति अर्जन हमारे देश ने की है, अब हम एक प्रकार से अजेय रूप में स्थापित होने की स्थिति में आ गए हैं।

# जिलाधीश ने नागरिकों को दी दीपावली की शुभकामनाएं

■ दमोह

दीपावली का यह पांच दिवसीय उत्सव प्रारंभ हो गया है। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के जन-जन को अपने अंतर्मन से दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं और कामना की है कि दीपों का प्रकाश सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, शांति और खुशियां लेकर आये। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जो हमारे प्रवासी श्रमिक, भाई, बहन दूरदराज के क्षेत्रों में श्रम करने के लिए जाते हैं, दूसरे राज्यों में जाते हैं और जो यहाँ पर दीपावली के पर्व पर वापस दमोह जिले में आए हैं, उन सभी का



हृदय से स्वागत करता हूँ, उनको विशेष रूप से शुभकामनाएं देता हूँ। इसके अलावा जिले में जो जिले से बाहर अनेकानेक स्थानों पर पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी और अन्य स्थानों पर देश-विदेश में नौकरी करने वाले युवा, त्योहारों के अवसर पर अपने घर लौट कर के आए हैं, उन सबका भी हृदय से स्वागत करता हूँ।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में दिवाली की शुभकामनाएं दीं। ■ छाया : एजेंसी

# सिर्फ जाति की राजनीति से सफलता नहीं मिल सकती: गहलोत


● जोधपुर, वार्ता

**राजस्थान** के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार पर जनता की आकांक्षाओं पर खरा नहीं उतरने का आरोप लगाते हुए कहा है कि उसने पिछले करीब एक साल में ऐसा कोई काम नहीं किया है जिसे वह अपनी सफलता के रूप में बता सके।

गहलोत जोधपुर जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा आयोजित दीवालीस्नेह मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आह्वान किया कि गरीब लोगों के साथ दीवाली का पर्व मनाकर खुशियां बांटनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गरीब को गणेश मानकर राजनीति करने से ही राजनीति में सफलता मिल सकती है। सिर्फ जाति की राजनीति से सफलता नहीं मिल सकती परन्तु 36 कौम के साथ से ही राजनीति में सफलता मिलती है।



करीब 50 साल के राजनीतिक सफर में जोधपुर की जनता का भरपूर प्यार और आशीर्वाद मिला है जिसके कारण यहां से पांच बार सांसद और छह बार विधायक बनने का अवसर मिला। गहलोत ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार ने गरीबों के हित में काम किया और उनकी सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने का प्रयास किया। 25 लाख रुपये के चिरंजीवी बीमा से अन्नपूर्णा राशन किट तक की तमाम जनहित की योजनाएं चलाई गईं। भाजपा ने झूठ बोलकर जनता को भ्रमित कर सरकार बना ली पर उनकी सरकार विफल हो रही है। पिछले करीब एक साल में भाजपा सरकार ने कोई ऐसा काम नहीं किया है जिसे सरकार अपनी सफलता के रूप में बता सके।



बेलगावी में रात को रानी चन्नम्मा सर्कल के पास आजीविका के लिए बच्चों के साथ रंग-बिरंगे आकर्षक गुब्बारे बेचती महिला।

## सार संक्षेप

### अमीषा पटेल को ऑफर हुई थी शाहरुख की फिल्म चलते-चलते



**मुबई:** शाहरुख खान की फिल्म चलते-चलते रानी मुखर्जी से पहले अमीषा पटेल को ऑफर की गई थी। हालांकि अमीषा की सेक्रेटरी ने उन्हें यह बात बताई ही नहीं थी। सेक्रेटरी ने अमीषा के हवाले से फिल्म का ऑफर ठुकरा दिया था। इस बात का अफसोस अमीषा को आज भी है। इस बात का खुलासा एक्ट्रेस ने हालिया इंटरव्यू में किया है। यूट्यूब चैनल को दिए इंटरव्यू में अमीषा पटेल ने कहा कि मेरे पेशे में, मैं कुछ फिल्मों से चूक गई। कुछ को बहुत सफलता मिली और कुछ फिल्में फ्लॉप हो गईं। मैंने शाहरुख खान की फिल्म चलते-चलते नहीं की क्योंकि मुझे नहीं पता था कि यह मुझे ऑफर की गई थी। मेरे सेक्रेटरी ने मुझे बताया नहीं था कि यह फिल्म ऑफर की गई है।

### खाद की जमाखोरी करने वालों पर सरकार ने कसा शिकंजा

**चंडीगढ़:** पंजाब के कृषि और किसान कल्याण विभाग ने रबी सीजन के लिये डीएपी और अन्य खादों, मानक बीजों और कीटनाशकों की निर्बाध और आवश्यक उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये उड़न दस्तों की पांच टीमें गठित की हैं। पंजाब के कृषि और किसान कल्याण मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने शुक्रवार को बताया कि ये टीमें खादों के अवैध भंडारण, कालाबाजारी और डीएपी सहित अन्य खादों के साथ अनावश्यक रसायनों की टैगिंग के खिलाफ कार्रवाई करेंगी। ये टीमें न केवल आपूर्ति की निगरानी करेंगी, बल्कि कृषि से संबंधित वस्तुओं की गुणवत्ता बनाये रखने के लिये नियमित जांच और सैंपलिंग के माध्यम से गुणवत्ता नियंत्रण भी सुनिश्चित करेंगी। उन्होंने बताया कि ये उड़नदस्ते खुदरा और थोक डीलरों के साथ-साथ बीज, खाद और कीटनाशक निर्माण और विपणन इकाइयों का भी दौरा करेंगे, ताकि मूल्य की निगरानी की जा सके।

### दिल्ली में छठ पूजा पर सात नवंबर को रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**नई दिल्ली:** दिल्ली में छठ पूजा 2024 के अवसर पर सात नवंबर 2024 को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने शुक्रवार को 'एक्स' पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी है कि दिल्ली सरकार ने फैसला लिया है कि सात नवम्बर को छठ के त्यौहार की छुट्टी होगी, ताकि सभी पूर्वांचली भाई-बहन धूम-धाम से छठ का त्यौहार मना सकें। इससे पहले उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कहा कि कुछ ही दिनों में हम छठ मना रहे होंगे। आस्था का यह महापर्व चार दिनों तक मनाया जाता है, जिसमें तीसरा दिन- जब अस्ताचल सूर्य भगवान को अर्घ्य अर्पित किया जाता है, सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इस साल सात नवंबर को पड़ने वाला दिन पहले ही रेस्ट्रिक्टेड अवकाश के रूप में घोषित है। मेरा आग्रह है कि सरकार 07 नवंबर 2024 (गुरुवार) को पूर्णकालिक अवकाश के रूप में घोषित करे।

# स्पेन में भीषण बाढ़, 158 की मौत

## 8 घंटे में 1 साल के बराबर बारिश, टूटा 50 साल का रिकॉर्ड

● नई दिल्ली, एजेंसी

**स्पेन** में भारी बारिश और अचानक आई बाढ़ की वजह से अब तक करीब 158 लोगों की मौत हो गई है। उठठ के मुताबिक वालेंशिया शहर सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। अधिकारियों का कहना है कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि अब भी कई लोग लापता हैं। न्यूज एजेंसी के मुताबिक स्पेन में बाढ़ का पिछले 50 साल का रिकॉर्ड टूट गया है। इससे पहले साल 1973 में बाढ़ से 150 लोगों की मौत हुई थी।

राज्य मौसम विभाग के मुताबिक पूर्वी स्पेन में बुधवार को कई जगहों पर कुछ ही घंटे में 12 इंच से भी ज्यादा बारिश हुई। वालेंशिया के एक अधिकारी ने बताया कि सिर्फ आधे घंटे में शहर में तबाही मच गई। स्थिति इतनी खराब है कि एक न्यायालय को अस्थायी मुर्दाघर में तब्दील कर दिया गया है। आपदा के बाद स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने 3 दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। वालेंशिया के अलावा मालागा और कैस्टिले-ला-मांचा शहर भी बाढ़ से प्रभावित हुआ है। बाढ़ की वजह से सड़कें टूट गई हैं और कम्युनिकेशन और बिजली लाइनों को नुकसान पहुंचने से अभी कई इलाके शहरों से



कटे हुए हैं। स्पेन सरकार में मंत्री एंजेल विक्टर टोरेस ने कहा कि कितने लोग लापता हैं, इसका आंकड़ा फिलहाल हमारे पास नहीं है। सोशल मीडिया पर बाढ़ से जुड़े कई वीडियो वायरल हैं। इनमें गाड़ियां एक-दूसरे के उपर चढ़ी हुई हैं। मालागा के नजदीक 300 लोगों को ले जा रही एक हाई-स्पीड ट्रेन पटरी से उतर गई, हालांकि रेल अधिकारियों ने कहा कि किसी को चोट नहीं आई। बाढ़ से तबाह हुए इलाकों में राहत कार्य के लिए सेना के 1,000 से ज्यादा सैनिकों को तैनात किया गया है। एक अधिकारी ने कहा कि लापता लोगों की तलाश के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है। यूरोपीय यूनियन की चीफ उसुर्ला वॉन डेर लेयेन ने कहा कि उन्होंने स्पेनिश बचाव दलों के की मदद के लिए कोपरनिकस सैटेलाइट सिस्टम को एक्टिवेट कर दिया है। इसके अलावा दूसरे यूरोपीय पड़ोसियों ने भी सहायता भेजने की पेशकश की है।रिपोर्ट के मुताबिक, वैलेंशिया में 29 अक्टूबर को सिर्फ आठ घंटे में 12 इंच बारिश हुई। इतनी बारिश सालभर में होती है। भारी बारिश से अचानक बाढ़ आ गई, जिससे कई लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाने का मौका नहीं मिला पाया। वैलेंसिया भूमध्य सागर के तट पर स्थित है। यहां करीब 50 लाख लोग रहते हैं। स्पेन के हालिया इतिहास में यह पहली बार है, जब इतने लोगों की बाढ़ से मौत हो गई। इइउ के मुताबिक, स्पेन में इससे पहले साल 1973 में सबसे बड़ी बाढ़ आई थी। तब 150 लोगों की मौत हुई थी। उससे पहले 1957 में वैलेंसिया शहर में भीषण बाढ़ आई थी, इसमें 81 लोगों की मौत हो गई थी।

# पीएम मोदी का जीवन है मानवता का संदेश: यादव

● भोपाल, वार्ता

**मध्य** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जीवन मानवता का संदेश है। उन्होंने अपना घर न होते हुए भी देश के 4 करोड़ से अधिक परिवारों के लिए घर बनाए। स्वयं के सुख का त्याग कर देशवासियों के लिए खुशियां बांटी। सबका साथ, सबका विकास, सबका-विश्वास और सबका प्रयास को सार्थक करके दिखाया।

डॉ यादव ने गांधी नगर स्थित सीएम राईज स्कूल परिसर में आयोजित दीप पर्व कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने वार्ड नंबर 1 में सफाई मित्रों और बच्चों को भी दीपावली पर्व पर संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी समानता, निस्वार्थ सेवाभाव और समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रहें है। हमें भी उनके जीवन का अनुसरण कर दीपावली का पर्व मनाना चाहिए। इस अवसर पर विधायक रामेश्वर शर्मा, राहुल कोठारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष दीपावली एक-दूसरे को



अपने हाथों से मिठाई खिलाकर मनाए। इससे प्रेम और समानता का भाव आता है। मिल बांटकर खाने में ही असली खुशी मिलती है। यही हमारे संस्कार है। हमारे सभी त्यौहार खुशियों और आनंद का त्यौहार है। दीपावली का पर्व हर्ष और उल्लास के साथ समानता का पर्व भी है। डॉ यादव स्कूल के विद्यार्थियों के उत्साह और प्यार को देखकर मंच से उतरे एवं उनके बीच जाकर खुशियां बांटी और आतिशबाजी देखी। उन्होंने अपने हाथों से विद्यार्थियों को मिठाई खिलाई। उन्हें दुलार किया और शुभकामनाएं दी।

### अमृतसर में चार ड्रोन व हेरोइन बरामद


**जालंधर:** सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने पिछले 24 घंटों दौरान पंजाब के अमृतसर में सीमावर्ती क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों से चार ड्रोन और एक किलोग्राम से अधिक हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि बीएसएफ खुफिया विंग से मिली सूचना के आधार पर, बीएसएफ के जवानों ने आज जिला अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्र में पांच अलग-अलग स्थानों पर चार ड्रोन और एक किलो 110 ग्राम हेरोइन बरामद की। उन्होने बताया कि गुरूवार की देर रात को अमृतसर जिले के गांव-पुलमोरां के एक कटे हुए धान के खेत से एक ड्रोन और 570 ग्राम हेरोइन का एक पैकेट और शुक्रवार की सुबह गांव धनोई खुर्द से सटे एक खेत से एक ड्रोन और 540 ग्राम संदिग्ध हेरोइन बरामद की है।

### मुख्य सचिव एल खियांग्ते सेवानिवृत्त

**रांची:** झारखंड सरकार ने निवर्तमान मुख्य सचिव एल खियांग्ते को ही तीन माह का सेवा विस्तार देने का फैसला लिया था और इसकी अनुशंसा चुनाव आयोग व केंद्र सरकार से की थी लेकिन उन्हें अभी तक यह विस्तार नहीं मिली जिसके कारण वह सेवानिवृत हो गए। एल खियांग्ते 31 अक्टूबर को ही सेवानिवृत्त होने वाले थे।ऐसे में झारखंड ने नियमों का हवाला देते हुए और तीन माह का सेवा विस्तार को लेकर स्वीकृति केंद्र से मांगी थी। इस बीच दीपावली की छुट्टी 31 अक्टूबर को थी, ऐसे में केंद्र सरकार के कार्यालय सहित राज्य कार्यालय में भी बंद था। इसी दिन एल खियांग्ते की भी सेवानिवृत्ति की तिथि भी थी। ऐसे में केंद्र से कोई लेटर नहीं आने के कारण एल खियांग्ते रिटायर हो गये हैं। उन्हें सेवा विस्तार नहीं मिला।

### एम्स से ड्रोन धर्मपुर लैब जाएगा ब्लड सैंपल

**बिलासपुर:** हिमाचल के बिलासपुर एम्स में किडनी प्रत्यारोपण सेवाओं की शुरुआत हो गई है। रीनल ट्रांसप्लांट के लिए आईसीयू दो करोड़ की लागत से बना है और रीनल ट्रांसप्लांट आईसीयू का निर्माण गुर्दे के उपचार में एक बड़ी कमी को पूरा करेगा। किडनी प्रत्यारोपण उपचार की सुविधा मिलने से रोगियों को इलाज के लिए राज्य से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। ब्लड सैंपल लेकर ड्रोन के जरिए धर्मपुर लैब जाएंगे और एक घंटे की अवधि में सैंपल लैब में पहुंचेंगे, जबकि इससे पहले वाहन के जरिए चार पांच घंटे का समय लग जाता था। इसी तरह जहां भी कोई हादसा होता है, तो तत्काल उस जगह पर टीम पहुंचेगी और ब्लड सैंपल तत्काल ड्रोन के जरिए एम्स भेजे जाएंगे।



शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला जम्मू में देवेंदर सिंह राणा के घर दुख व्यक्त करने पहुंचे।

### भुवनेश्वर में एनएसडी आउटरीच सेंटर की स्थापना होगी

**भुवनेश्वर:** ओडिशा सरकार ने राजधानी भुवनेश्वर में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) का आउटरीच सेंटर स्थापित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि एनएसडी का आउटरीच सेंटर ओडिशा के लिए एक प्रतिष्ठित मील का पत्थर है, जो थिएटर और अभिनय में करियर बनाने के इच्छुक छात्रों के लिए एक अवसर प्रदान करता है। शुरुआती चरण में यह अस्थायी रूप से यहां गुरु केलुचरण महापात्र ओडिसी अनुसंधान केंद्र में संचालित होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भुवनेश्वर में एनएसडी का आउटरीच सेंटर ओडिया थिएटर को बढ़ावा देने और विस्तार करने, क्षेत्रीय कथाओं आदि को वैश्विक सुर्खियों में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# धान अधिप्राप्ति में गड़बड़ करने वालों पर रखें नजर: नीतीश

● पटना, वार्ता

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को अधिकारियों को धान अधिप्राप्ति में गड़बड़ करने वालों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया।

नीतीश कुमार ने शुक्रवार को यहां एक, अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान अधिप्राप्ति को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि सरकार किसानों की हरसंभव सहायता के लिये तत्पर रहती है। उन्होंने कहा कि कृषि कार्य से जुड़े हुए लोगों को धान अधिप्राप्ति में किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो इसका विशेष ध्यान रखें। धान के अनुमानित उत्पादन के अनुसार ही धान अधिप्राप्ति का जिलावार लक्ष्य निर्धारित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि धान अधिप्राप्ति कार्य में गड़बड़ करने वालों पर भी नजर रखें। उन्होंने कहा कि धान



अधिप्राप्ति का कार्य तेजी से और बेहतर ढंग से करें ताकि किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। कुमार को खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव डॉ. एन. सरवन कुमार ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत धान का न्यूनतम समर्थ न मूल्य, धान अधिप्राप्ति की प्रस्तावित अवधि एवं धान अधिप्राप्ति के लक्ष्य के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस बार सामान्य ग्रेड के धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रुपये प्रति क्विंटल रखा गया है।

# उपचुनाव में पांच सीटों पर होगा त्रिकोणीय मुकाबला

## राजस्थान में सात विधानसभा क्षेत्रों में 13 नवंबर को होगा उपचुनाव, दो सीटों पर हो सीधा मुकाबला

● जयपुर, वार्ता

**राजस्थान** में आगामी 13 नवंबर को होने वाले सात विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव में नामांकन वापसी के बाद अब उम्मीदवारों की तस्वीर साफ होने के बाद पांच सीटों पर खींवसर, सलूंबर, झुंझुनूं, देवली-उनियारा एवं चौरासी पर त्रिकोणीय जबकि दो सीटों दौसा और रामगढ़ पर सीधा मुकाबला होने के आसार नजर आ रहे हैं।

उपचुनाव के नामांकन वापसी के आखिरी दिन बुधवार को देवली उनियारा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के बागी नरेश मीणा के चुनाव मैदान में डटे रहने से वहां कांग्रेस उम्मीदवार कस्तूरचंद मीणा और

**इस बार सबसे चर्चित सीट नागौर जिले की खींवसर में भी शुरु से अपना राजनीतिक दबदबा बनाने में कामयाब रहे सांसद हनुमान बेनीवाल की पार्टी रालोपा की प्रत्याशी, भाजपा के रेवंतराम डांगा और कांग्रेस के डा रतन चौधरी के बीच होगा त्रिकोणीय मुकाबला**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी राजेन्द्र गुर्जर के बीच त्रिकोणीय मुकाबला बनने की संभावना है। कांग्रेस के अपने बागी उम्मीदवार को नहीं मना पाने से यहां त्रिकोणीय स्थिति बनती नजर आ रही है। उपचुनाव में इस बार सबसे चर्चित सीट नागौर जिले की खींवसर में भी शुरु से अपना राजनीतिक दबदबा बनाने में कामयाब रहे सांसद हनुमान बेनीवाल की पार्टी राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा) की प्रत्याशी कनिका बेनीवाल, भाजपा के प्रत्याशी रेवंतराम डांगा और कांग्रेस के डा रतन चौधरी के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होने की संभावना है। श्रीमती कनिका बेनीवाल श्री हनुमान बेनीवाल की पत्नी है और वर्ष 2008 से जब से खीवसर सीट अस्तित्व में आई हैं, इस पर बेनीवाल परिवार का कब्जा रहा है। हालांकि इस बार इस संभावित त्रिकोणीय मुकाबले में पिछली बार भी भाजपा प्रत्याशी रहे श्री डांगा और श्रीमती कनिका के बीच कड़ी टक्कर की संभावना जताई जा रही है। कांग्रेस के दबदबा वाली झुंझुनूं सीट पर इस बार कांग्रेस उम्मीदवार अमित ओला को भी भाजपा उम्मीदवार राजेन्द्र भांबू और निर्दलीय प्रत्याशी एवं पूर्व मंत्री राजेन्द्र सिंह गुढ़ा के साथ त्रिकोणीय मुकाबले में कड़ी टक्कर मिलने की संभावना है। सलूंबर में भी भाजपा ने अपने विधायक अमृतलाल मीणा के निधन के बाद इस उपचुनाव में उनकी पत्नी शांता अमृतलाल मीणा को चुनाव मैदान में उतारकर सहानुभूति कार्ड खेला है जहां कांग्रेस उम्मीदवार रेशमा मीणा और भारत आदिवासी पार्टी के प्रत्याशी जितेश कुमार कटारा के साथ त्रिकोणीय मुकाबला होने के आसार हैं। इसी तरह सांसद राजकुमार रोत के दबदबा वाली चौरासी विधानसभा सीट पर उनकी पार्टी बाप के उम्मीदवार एवं भाजपा और कांग्रेस उम्मीदवार के बीच त्रिकोणीय चुनावी मुकाबला होगा। उपचुनाव में दौसा सीट भी काफी चर्चित सीट मानी जा रही है जहां राज्य के कृषि मंत्री डा किरोडी लाल मीणा के भाई जगमोहन भाजपा के प्रत्याशी है।

### नाइजीरिया में बढ़ती महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए 29 किशोरों को मिल सकती है मौत की सजा

**अबुजा।** नाइजीरिया में बेतहाशा बढ़ती महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन में शामिल होने के लिए 29 नाबालिग किशोरों को आरोपी बनाया गया और इस मामले में दोषी पाए जाने पर उन्हें मौत की सजा दी जा सकती है। अदालत में अपनी दलील रखने से पहले उनमें से चार किशोर थकावट के कारण बेहोश होकर गिर गए थे। समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस द्वारा देखे गए आरोप पत्र के अनुसार, नाइजीरिया में बेतहाशा बढ़ती महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए कुल 76 प्रदर्शनकारियों पर 10 संगीन आरोप लगाए गए, जिनमें राजद्रोह, संपत्ति को नष्ट करना, उपद्रव मचाना और विद्रोह करना शामिल हैं। आरोप पत्र के अनुसार, नाबालिगों की उम्र 14 से 17 वर्ष के बीच है। नाइजीरिया में जीवन जीने की लागत बढ़ने के कारण हाल के महीनों में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए हैं। युवाओं के लिए बेहतर अवसरों और नौकरियों की मांग को लेकर अगस्त में हुए प्रदर्शन के दौरान कम से कम 20 लोगों को गोली मार दी गई थी जिससे उनकी मौत हो गई थी और सैकड़ों लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया था। नाइजीरिया में मृत्युदंड की सजा 1970 के दशक में शुरू की गई थी, लेकिन 2016 के बाद से देश में किसी को भी मौत की सजा नहीं दी गई। अबुजा के एक निजी वकील अकिंतयो बालोगन ने कहा कि बाल अधिकार अधिनियम के तहत किसी भी नाबालिग के खिलाफ अपराधिक कार्यवाही नहीं की जा सकती और न ही उसे मौत की सजा दी जा सकती है। बालोगन ने कहा, इसलिए नाबालिगों को संघीय उच्च न्यायालय के समक्ष पेश करना ही गलत है। प्रदर्शन में शामिल कुछ किशोरों की पैरवी करने वाले वकील मार्शल अबूबकर ने बताया कि अदालत ने अंततः प्रत्येक प्रतिवादी को जमानत दे दी तथा उन पर कठोर शर्तें लगाई हैं। अबूबकर ने कहा, एक ऐसा देश जिसका कर्तव्य अपने बच्चों को शिक्षित करना है, वह इन बच्चों को दंडित करने का फैसला करेगा।

संपादकीय

# कटेंगे का जवाब जुड़ेंगे

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी बंटेंगे तो कटेंगे नारे का समर्थन कर चुके हैं। प्रधानमंत्री खुद इसी तरह की बातें चुनाव प्रचार में कर चुके हैं। इसलिए उनका समर्थन हैरान नहीं करता।**

**राजनीति** में नारों का बहुत महत्व होता है। नारों के बल पर ही राजनीतिक दलों की नैया पार होती रही है। 1989 के चुनाव में वीपी सिंह के लिए नारा दिया गया था-राजा नहीं, फकीर है, देश की तकदीर है। अतीत में जितने नारे दिए गए हैं, वे सकारात्म होते थे। लेकिन कुछ दिनों से उत्तेजक नारे देने का चलन बढ़ा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नारा दिया-बंटेंगे तो कटेंगे। वह नारे में क्या कहना चाहते हैं, यह आइने की तरह साफ है। इस नारे के बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगाए जा रहे हैं। समाजवादी पार्टी ने बंटेंगे तो कटेंगे के जवाब में नारा दिया है-जुड़ेंगे तो जीतेंगे। बंटेंगे तो कटेंगे के जवाब में जुड़ेंगे तो जीतेंगे सकारात्मक लगता है। जाहिर है, नारा युद्ध उत्तर प्रदेश में होने वाले उपचुनाव को लेकर लड़ा जा रहा है। नौ विधानसभा पर उपचुनाव होना है। सपा ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को जबरदस्त टक्कर देकर 37 सीटें जीतीं थीं। ये बड़ा आंकड़ा था। इस शिकस्त से बौखलाए भाजपा नेता किसी भी तरह उपचुनाव में ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतने की तैयारी में हैं। उनकी कोशिश है कि चुनाव में ध्रुवीकरण करके जीत हासिल की जा सकती है। हालांकि यह कोशिश तो भाजपा ने लोकसभा चुनाव में भी की थी, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। भाजपा के पास ध्रुवीकरण के अलावा कोई दूसरा चारा है भी नहीं। समाजवादी पार्टी का नारा-जुड़ेंगे तो जीतेंगे उसे कितना फायदा देता है, यह देखने वाली बात होगी। लखनऊ में जुड़ेंगे तो जीतेंगे के नारे वाले कई पोस्टर भी लगवाए हैं। बंटेगें तो कटेंगे का नारा यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ये नारा हरियाणा चुनाव में दिया था। माना जा रहा है कि हरियाणा में इस नारे ने काम किया और बुरी तरह हार से आशंकित भाजपा को तीसरी बार सत्ता हासिल हुई। इसलिए भाजपा को लगता है कि यह नारा दूसरे चुनाव में भी कारगर हो सकता है। जाहिर है, योगी आदित्यनाथ महाराष्ट्र और झारखंड के चुनाव में इसे बार-बार दोहराएंगे। इस नारे की असली परीक्षा यूपी के उप चुनाव से लेकर महाराष्ट्र और झारखंड के चुनाव में होने वाली है। इन चुनावों के परिणाम आने के बाद ही ये और साफ हो पाएगा कि बीजेपी को इस नारे का इन राज्यों के चुनाव में भी कितना फायदा पहुंचा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी बंटेंगे तो कटेंगे नारे का समर्थन कर चुके हैं। प्रधानमंत्री खुद इसी तरह की बातें चुनाव प्रचार में कर चुके हैं। वह श्मशान-कब्रिस्तान के साथ कपड़ों से पहचान करने की बात कह चुके हैं। अगर उन्होंने बंटेंगे तो कटेंगे का समर्थन किया है तो हैरत की बात नहीं है।

# सजा से बड़ी न्यायिक प्रक्रिया



**शाहीन सबा**

दिल्ली एक्साइज पॉलिसी मामला अपनी विशेष कानूनी प्रक्रिया और पारित आदेशों के चलते कानून जगत और आम जनता का ध्यान खींच रहा है। आम चुनाव से एक महीने पहले एक मौजूदा मुख्यमंत्री की पहली बार गिरफ्तारी से लेकर, राजनीतिक प्रचार के अधिकार के अद्वितीय आधार पर उनकी रिहाई तक, इस मामले पर विभिन्न दृष्टिकोणों के साथ व्यापक अकादमिक चर्चा हो रही है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के मामले को न्यायिक क्षेत्र में अलग तरीके से देखा जा रहा है जहां ईडी (एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट) द्वारा आठ सप्लीमेंटरी चार्जशीट दायर की गयी। इसके बाद से यह मुद्दा एक बड़े विवाद का विषय बन गया की आखिर क्या जांच एजेंसियां ट्रायल की प्रक्रिया को बढ़ाने के लिए लागतार नए चार्ज शीट दायर करती जा रही है।

जिसके कारण न्याय की प्रक्रिया में लगातार विलंब हो और उसका फायदा दूसरी पारी को राजनितिक रूप से मिले। धन शोधन निवारण अधिनियम की धारा 65 के तहत, आपराधिक प्रक्रिया संहिता को पीएमएलए के तहत कार्यवाही में लागू किया जाता है, जब तक कि मुकदमे के कुछ पहलुओं के लिए कोई विशेष प्रावधान न हो। जांच चरण में, पीएमएलए के विशेष प्रावधान मुख्य रूप से संपत्ति और व्यक्तियों की जब्ती, सर्वेक्षण, तलाशी, और गिरफ्तारी की शक्तियों को बढ़ाने पर केंद्रित हैं [धारा 16-19]। चार्ज शीट एक प्रकार की रिपोर्ट होती है जिसे जांच एजेंसी द्वारा सीआरपीसी की धारा 173(2 ) के अंदर प्रस्तुत किया जाता है। धारा 173(2) की भाषा महत्वपूर्ण है। इसमें रिपोर्ट को 'जैसे ही यह पूरी हो जाती है' दाखिल करने का उल्लेख है ('यह' प्रारंभिक जांच की ओर इशारा करता है)। धारा 173(2) और धारा 173 के शीर्षक ('जांच पूरी होने पर पुलिस अधिकारी की रिपोर्ट') को साथ में पढ़ने से स्पष्ट होता है कि चार्जशीट केवल तभी दाखिल की जानी चाहिए जब जांच पूरी तरह समाप्त हो चुकी हो। चार्जशीट की अंतिमता पर कानून का जोर और अधिक स्पष्ट हो जाता है, जब हम धारा 167(2), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के विधायी इतिहास का विश्लेषण करते हैं।



**कानून के जानकारों ने इस बात पर जोर डाला है कि कानूनी प्रक्रियाओं को इस तरह से बदला जा रहा है, जिससे आपराधिक न्यायशास्त्र की मूल प्रक्रिया आम लोगों के विरुद्ध होती जा रही है। जनता की सजग भागीदारी से ही एक सजग लोकतंत्र की स्थापना हो सकती है, जिसका एक व्यापक अभाव संविधान के बाद भी देखा जा सकता है।**

यह धारा एक आरोपी, जिसे जांच के दौरान गिरफ्तार किया गया है और रिमांड पर लिया गया है, को यह अधिकार देती है कि यदि उसके रिमांड के 60 या 90 दिनों (अपराध की गंभीरता के आधार पर) के भीतर चार्जशीट दाखिल नहीं की जाती है, तो वह डिफॉल्ट जमानत की मांग कर सकता है। आरोपी को रिमांड पर रखने के लिए समय सीमा निर्धारित करने का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि जांच अधिकारी (क्अ२) अनावश्यक रूप से जांच में देरी कर आरोपी को जेल में रखने का प्रयास न करें। इसके बजाय, उन्हें एक समय सीमा दी जाएगी, जिसे पूरा न करने पर आरोपी स्वतः ही जमानत पाने का अधिकारी हो जाएगा। 41वीं विधि आयोग की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया कि 15 दिनों की 'अकार्यशील' समय सीमा ने एक ऐसी प्रथा को जन्म दिया जिसकी कानूनी वैधता 'संदिग्ध' थी, जहां जांच अधिकारी नियमित रूप से प्रारंभिक या अधूरी चार्जशीट केवल आरोपी के डिफॉल्ट जमानत के अधिकार को बाधित करने के उद्देश्य से मजिस्ट्रेट के समक्ष दाखिल करते थे।

इस प्रथा का समाधान करने के लिए 15 दिनों की समय सीमा बढ़ाकर 60 या 90 दिन कर दी गई, ताकि 'एक ऐसी प्रथा का समर्थन न किया जाए जो कानूनी सुरक्षा के उद्देश्य का उल्लंघन करती हो।' परन्तु यह प्रक्रिया हमेशा ही गंभीर अपराधों के लिए सजा के रूप में रही जहां पीएमएलए व व यूएपीए जैसे कानूनों में इस प्रक्रिया का प्रयोग ट्रायल की प्रक्रिया को लम्बा खींचने के लिए किया गया है। हालिया आपराधिक प्रक्रिया संशोधन में भी यह बात निकल कर सामने आयी जहां 'एक्सेप्शन्स' को सामान्य रूप से लाने के प्रावधान को कानूनी जामा पहना दिया गया। यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की योजना के अनुसार, जांच अधिकारी (आईएस) को पूरी और विस्तृत जांच के बाद ही अंतिम चार्जशीट दाखिल करनी चाहिए। इस निर्देश की सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि चार्जशीट आपराधिक मामले के अगले चरणों, जैसे संज्ञान लेना और मुकदमे की प्रक्रिया में, एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

एक शब्द जिसे न्याय की भाषा में 'एप्लीकेशन ऑफ जुडिशियल माइंड' कहते हैं उसका प्रयोग चार्ज शीट के मामले में बेहद अहम है क्योंकि उसके बिना वाद पक्ष चार्ज शीट में जांच के नाम पर काफी विलंब कर सकता है, जिसके कारण आरोपी के मौलिक अधिकार का दमन हो सकता है। जहां किसी व्यक्ति को अपराधी घोषित किए बिना ही उसे लंबे समय तक जेल में रखा जा सकता है। उमर खालिद के मामले में या दिल्ली प्रोग्राम मामले में भी यही चीज हमें देखने को मिली जहां पर लगातार चार्ज शीट दायर करते हुए कानूनी प्रक्रिया को खींचने के कार्य को प्रशासनिक इकाइयों द्वारा अंजाम दिया गया। सप्लीमेंट्री चार्ज शीट की बहस को नया तुक उस समय मिल गया जब सर्वोच्च न्यायलय ने मरियम फसीहुद्दीन मामले में कहा कि 'पूरक रिपोर्ट दाखिल करने का प्रावधान इस बात का संकेत देता है कि नए मौखिक या दस्तावेजी साक्ष्य प्राप्त किए जाने चाहिए, न कि जांच एजेंसी द्वारा प्रारंभिक पुलिस रिपोर्ट, जिसे धारा 173(2) सीआरपीसी के तहत चार्जशीट कहा जाता है, के दौरान पहले से एकत्रित और विचारित सामग्री का पुनर्मूल्यांकन या पुनः मूल्यांकन किया जाना चाहिए।'

ऋतु छाबरिया बनाम यूनियन ऑफ इंडिया में सुप्रीम कोर्ट ने चार्ज शीट दायर करने के मामले में एक अहम फैसला लिया। इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट रूप से जांच अधिकारियों को अधूरी चार्जशीट दाखिल करने से रोक दिया था, ताकि डिफॉल्ट जमानत को बाधित किया जा सके। इस सुरक्षा प्रावधान को धारा 167 के उद्देश्य से जोड़ा गया, और इसका कार्य यह सुनिश्चित करना था कि आरोपी को राज्य की असमान शक्ति के मनमाने उपयोग से बचाया जा सके। हालांकि, सरकार ने प्रक्रिया के उल्लंघन के माध्यम से इस निर्णय पर स्थगन प्राप्त कर लिया।

कई कानूनों के अंदर लगातार कानून के जानकारों ने इस बात पर जोर डाला है कि कानूनी प्रक्रियाओं को इस तरह से बदला जा रहा है, जिससे आपराधिक न्यायशास्त्र की मूल प्रक्रिया आम लोगों के विरुद्ध होती जा रही है। हालांकि सप्लीमेंट्री चार्ज शीट दायर करने को लेकर कोई एक समय का निर्धारण स्वयं आपराधिक प्रक्रिया कानून खुद नहीं करता पर वह अन्य प्रावधानों से उसकी सीमा और अगले स्तर के प्रक्रिया की बात स्पष्ट रूप से करता है, जिसका सीधा सम्बन्ध इससे जुड़ा हुआ है। भारत एक ऐसा देश है जहां लोगों को कानूनी प्रक्रिया या कानून की समझ इतनी व्यापक नहीं है वहीं लोगों के मध्य प्रशासन को लेकर एक खास प्रकार की निष्ठा उन केसेस को लेकर है जहां राष्ट्रीय सुरक्षा, मुस्लिम, या जाति के मुद्दे देखे जाते हैं। वहां हम भी एक व्यापक मीडिया ट्रायल के शिकार हो जाते हैं और उसे ही अनुसरण करने लगते हैं। जनता की सजग भागीदारी से ही देश के अंदर एक सजग लोकतंत्र की स्थापना हो सकती है, जिसका एक व्यापक अभाव संविधान के बाद भी देखा जा सकता है।

पाठकवाणी

## मान्यता प्राप्त सेवाओं में वेतन निर्धारित हो

**शासकीय** सेवाओं में तो कर्मचारी, अधिकारी वर्ग का वेतनमान वर्तमान परिदृश्य में महंगाई के दौर में पर्याप्त है। उन्हें समय-समय पर महंगाई भत्ता भी मिलता है, वेतन भी बढ़ता रहता है। उनका वेतन हजारों लाखों में होता है। प्राइवेट संस्थानों में, अशासकीय विद्यालयों, महाविद्यालयों और भी कई प्राइवेट कंपनियां और प्राइवेट सैक्टर हैं, जिनमें कार्य करने वाले लोगों का उचित वेतनमान मापदंड तय होना चाहिए, ताकि कर्मचारी सही तरीके से जीवन यापन कर सकें। कई अशासकीय संस्थाएं हैं, जिनके कर्मचारी सरकारी कर्मचारी से ज्यादा ही कार्य करते हैं और वेतन ऊंट के मुंह में जीरा समान होता है। स्कूलों-कालेजों में अध्यापन कार्य करने वाले कर्मचारियों को भी योग्यता और अनुभव के आधार पर वेतनमान विसंगति से गुजरना पड़ता है। जबकि मेहनत में पीछे नहीं हैं। अगर मेहनत का सही परिणाम नहीं मिलता तो कर्मचारी का मनोबल लुप्त प्राय होने लगता है। जबकि मान्यता प्राप्त संस्थाओं में सरकार के मापदंडों का हस्तक्षेप होता है। कुछ भी हो प्राइवेट संस्थानों के लिए कारगर रणनीति तैयार करनी चाहिए। जीवन यापन अच्छा हो, ऐसा सम्मान जनक वेतनमान निर्धारण हेतु दिशा निर्देश जारी होने चाहिए। क्या संबंधित विभाग इस और ध्यान देंगे? समान काम समान वेतन, जैसे पहलू अपनाएंगे? क्या सरकारें ध्यान देंगी?

**-योगेश जोशी**, बड़वाह

कुछ खास



चुनावी रैलियों में 'बंटेंगे तो कटेंगे' का नारा देने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी खुद सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक मंच पर समाज को 'हरिजन' और 'गैर हरिजन' में बांट रहे हैं। क्या 'हरिजन' शब्द के प्रयोग से उनका हिंदू खतरे में नहीं आता?

**-चंद्रशेखर आजाद**, असपा प्रमुख

आज का ट्वीट



''उत्तर प्रदेश के जंगलराज का हाल - जुआ रोकने गई पुलिस को पत्थरों और लाठी-डंडों से पीटा जा रहा है। प्रचार में बताया जाता है कि यूपी की कानून व्यवस्था नंबर वन है।''

**-संदीप सिंह**

साइबरवर्ल्ड

## खुद्दारी खैरात में नहीं मिलती

**हाईस्कूल** में मेरी क्लास में चार मुस्लिम बच्चे थे, 10+2 में मैं अकेला था। मुस्लिम बच्चों के साथ खानपान में छूतछात आम बात थी, लेकिन मैंने एक नियम बना लिया था कि जो मेरे साथ नहीं खाता, मैं भी उसके साथ नहीं खाऊंगा। सारे क्लोज दोस्त हिंदू थे, पारम्परिक थे, लेकिन सांप्रदायिक बिल्कुल नहीं। वो लोगों के बीच में तो दूरी बरतते, लेकिन अकेले में जूठा भी खा लेते। कई तो मेरे घर भी आते और कोशिश करते कि मेरे आम बर्तनों में खाना खाएं। हालांकि अब्बा ने उनके लिए अलग बर्तनों का इंतजाम किया हुआ था। लेकिन मैं सोचता हूं कि अगर मैंने स्टैंड न लिया होता तो शायद वो भी न बदलते। फिर भी एक ब्राह्मण दोस्त को, उसके घर पर मेरी जानकारी के बिना मुझे खाने के लिए अलग बर्तन देने पर जिंदगी भर के लिए छोड़ दिया। एक बार एक फटीचर मौलाना ने मुझे दीनी तालीम न दिलवाने की बात पर मेरे अब्बा से बदतमीजी से बात की थी। मैंने उसे खुले स्टेज पर मुनाजरे (बहस, शास्त्रार्थ) के लिए चैलेंज कर दिया और वो मिमियाने लगा। खुद्दारी खैरात में नहीं मिलती, उसके लिए जूझना पड़ता है। आज भी लिखने या बोलने के तमाम मौकों का इस्तेमाल मैं एक बेहतर समाज के लिए लड़ने के तौर पर करता हूं। यहां भी मुझे अतिवादी, सांप्रदायिक, जेहादी जैसे लकब मिलते हैं, लेकिन फिर भी अपनी राह चलता हूं। अगर आप दलित, मुसलमान, आदिवासी या महिला के रूप में इस देश में पैदा हुए हैं तो बहुत मुमकिन है कि ये जूझना उम्र भर खत्म न हो, बहुत मुमकिन है कि आपको आर्थिक सामाजिक यहां तक कि मानसिक नुकसान उठाना पड़े। लेकिन ये जूझना पीढ़ियों के उत्पीड़न को खत्म करने की बुनियाद खड़ी करता है। इसी देश में महिलाओं ने तन ढकने के हक के लिए लगभग दो सदी तक लड़ाई की है। जिन दलित बच्चों ने सवर्ण महिला के हाथ का बना खाना खाने से इनकार किया है, वो इस देश में आजादी की नई इबारत लिख रहे हैं। इसके परिणाम दूरगामी होंगे।

**-डॉ सलमान अरशद** की फेसबुक वॉल से

अमृतवाणी

## सद्कर्म का फल

**क्या** सद्कर्म द्वारा मनुष्य अपने लिए मुक्ति का द्वार खोल सकता है? क्या बुरे कर्म मनुष्य को नरक लोक की प्राप्ति होती है? क्या स्वर्ग की प्राप्ति ही आत्म की यात्रा का अंतिम पड़ाव है? ये ऐसे यक्ष प्रश्न हैं जिनका उतर खोज पाना किसी के लिए सरल कार्य नहीं रहा है। सभी विद्वान और धर्मशास्त्री सद्कर्मों की हमेशा से पैरवी करते आए हैं। वे सद्कर्मों द्वारा स्वर्ग प्राप्ति का उल्लेख करते हैं जो सही भी है। परंतु हमारी आत्मा का अंतिम धाम सतलोक है। संतो ने आत्मा को सतलोक की निवासी कहकर संबोधित किया है। बैकुंठ धाम, स्वर्गलोक , देवलोक आदि को भी संतों ने भोग योनि ही माना है। क्योंकि इन लोकों से भी आत्म को मृत्यु लोक में आना ही पड़ता है। गीता अध्याय 11, श्लोक 47 में भगवान श्री कृष्ण ने अपने आप को काल अर्थात बड़ा हुआ काल कहकर संबोधित किया है।यह मेरा वास्तविक काल रूप है। मनुष्य के अच्छे कर्म स्वर्ग लोक की प्राप्ति करवाते हैं तो बुरे कर्म उसे नरक का भागीदार बना देते है। कर्म के जंजीरों में जकड़ी यह आत्मा अलग योनियों में चक्कर लगाती रहती है। अच्छे कर्म हुए तो राजा महाराजा बनकर धरती पर आ गए अर्थात सोने की जंजीरे पड़ गई और बुरे कर्मों के फलस्वरूप दरिद्र, लाचार, मजबूर बनकर धरती पर आ गए। अच्छी अवस्था में जन्म हो इसके लिए सद्कर्मों का विशेष महत्व है। मनुष्य योनि ही एक मात्र ऐसी अवस्था है जिसमें मनुष्य शब्द भक्ति द्वारा मुक्ति प्राप्त कर सकता है। परंतु हम मनुष्य शरीर की इस अनूठी शक्ति से अनभिज्ञ रहे, इस जन्म में भी कर्मों को संचित करते जाते हैं और न चाहते हुए भी फिर एक नई अवस्था अपने लिए तैयार कर लेते हैं। कर्म के बिना जीवन संभव नहीं है और बिना शब्द भक्ति के आत्मा की मुक्ति नहीं हैं।



**-प. राजेंद्र कुमार शर्मा**

तीखी नजर

## चवन्नी बनाम डेढ़ रुपैया



राजेंद्र बज

चवन्नी अपुन के पास है, वह चवन्नी भी कहां अपुन ने अपने पुरुषार्थ से जुटाई है! यह तो ऊपरवाले की दयानतदारी है कि सामान्य जिंदगी जीने के लिए हाथ-पैर नहीं चलाना पड़ते। क्योंकि अपुन तो 80 करोड़ की गिनती में शुमार किए जाते हैं। यह जो ऊपरवाले है, इन्हें अपुन और अपुन जैसों ने ही नीचे से ऊपर भेजा है। वैसे हमने इन्हें अमरपट्टा नहीं दे रखा है। केवल और केवल इन्हें पांच वर्षों के लिए ही ऊपर भेजा है। अपुन उन खुशकिस्मत लोगों में शामिल है जिन्हें ऊपरवाले ने अपने यहां भेजा। अपुन तो सोच कर ही कांप उठते हैं कि कहीं और टपका दिया जाता तो .....! शुक्र है कि ऊपर वाले की नीचे वालों पर कृपा बरसती रहा करती है। यही कारण है कि अपुन ऊपरवाले का लोहा मानते है। खैर।

तो बात चल रही थी चवन्नी बनाम डेढ़ रुपैया की। अब ऐसा है कि बाजार में नाना प्रकार की वस्तुएं सज- संवरकर हम पर डोरे डालती थी। मन तो बहुत करता था कि तमाम वस्तुओं का मैं उपयोग करूं, महंगे से महंगे खाद्य पदार्थों का उपभोग करूं, मेरे पास वह सब कुछ हो, जो शान से जीने के लिए जरूरी हो सकता है। लेकिन करूं तो करूं क्या? इस चिंता में बीते दिनों घुला जा रहा था। लेकिन वाह रे बाजारवाद! बस केवल और केवल इत्ता लेकर आओ, और ले जाओ अपना दो पहिया या चार पहिया। आज बस इतना सा देना है, बाकी आसान किस्तों में ! तो विचार आता है कि कल की कल देखी जाएगी लेकिन आज तो जिंदगी को जी भर कर जी लेवे!

वैसे ऊपरवाले की देने की भी एक सीमा है। लेकिन ज्यादा चिंता की कोई बात नहीं, क्योंकि चार्वाक के पथ पर अग्रसर करने को तमाम वित्तीय संस्थान एक पैर पर तैयार खड़े हैं। इधर टोकन दिया और उधर टनाटन शान-शौकत के लिए जरूरी संसाधन जुटाना प्रारंभ। अपुन ने ऐसा किया तो और भी अपुन जैसा करने लगे। देखते ही देखते कर्ज और उस पर ब्याज बढ़ता ही चला गया। वैसे अपुन को इसकी कोई खास चिंता नहीं है। अपुन तो इतना सकारात्मक सोच रखने वाले हैं कि एक समय ऐसा भी आएगा जब नीचे वाला ऊपर जाने के लिए कर्ज के दलदल में गहरे धंसे मुल्क के मालिकों का तमाम कर्ज माफ कर देगा या करा देगा। अगर ऊपरवाले ने ऐसा नहीं किया तो ऊपर वाले से ऊपर का अधिकार छीना भी जा सकता है।

ऊपरवाले की दयादृष्टि ही हमारी मूल पूंजी है। कभी-कभी मन में विचार आता है कि हमारे जो पूर्वज रहे, उन्होंने घाटे का सौदा किया था। बिना किसी प्रतिफल के बदले नीचे वालों को ऊपर भेज दिया था। अब यह तो बड़ी खुशी की बात है कि हम अपने समय में जागृत हो गए। अब सिर पर कर्ज करने से रत्ती भर डरते नहीं है। विश्वास है कि न तो मुझे और न ही अपुन के होते-सोते को कर्ज चुकाने की नौबत आएगी। आ भी गई तो, अरे भाई तब तक तो कर्ज चुकाने के लिए भी कर्ज मिलना कोई बड़ी बात नहीं होगी। संसार अगर माया है, तो इस माया के मायाजाल में उलझने का आनंद तो कोई अपुन से पूछे !

नजरिया

# क्या अब हमारे आदर्श अपराधी होंगे ?




निर्मल रानी

सदियों से हमारे देश में यह ज्ञान बांटा जाता रहा है कि किसी जमाने में भारत 'विश्व गुरु' हुआ करता था। पिछले एक दशक से फिर यही चर्चा बलवती हो चुकी है कि भारत एक बार पुनः विश्व गुरु की राह पर अग्रसर है। बकौल प्रसिद्ध व्यंगकार सम्पत सरल, 'हमारा भारत विश्व गुरु बनने के 'आउटर' पर खड़ा हुआ है'। परंतु हमारा देश पहले जब कभी विश्वगुरु रहा होगा और अब जबकि एक बार फिर से विश्व गुरु बनने की तैयारी में है, इस समय अंतराल में हम एक बहुत बड़ा अंतर भी देख रहे हैं। पहले जब कभी हमारे पूर्वज 'विश्वगुरु भारत' में सांस ले रहे होंगे, उस समय हमारे आदर्श, हमारे प्रेरणास्त्रोत हमारे मार्गदर्शक निश्चित रूप से ऐसे अनेक महापुरुष भी रहे होंगे, जो हमें आदर्श जीवन व्यतीत करने, चरित्रवान बनने, मानवीय मूल्यों का पालन करने, सद्भाव, सहयोग, सहायता जैसे मूल्यों को अपने जीवन में ढालने की प्रेरणा देते रहे होंगे। हमारे अनेक धार्मिक ग्रंथ इस तरह की धार्मिक, सामाजिक व मानवीय शिक्षाओं व निर्देशों से भी भरे पड़े हैं। हमारे देश का इतिहास ऐसे एक से बढ़कर एक बलिदानियों, त्यागियों, तपस्वियों, ऋषियों, मुनियों, संतों व पीरों फकीरों व आदर्श पुरुषों से पटा पड़ा है, जिन्होंने अपने आचरण से देश ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया का मार्ग दर्शन किया है।

आज पुनः जब यह चर्चा चलती है कि 'भारत एक बार फिर से विश्व गुरु होने जा रहा है' ठीक उसी समय जब हम 'विश्व गुरु पार्ट 2' के दौर के अपने आज के आदर्शों, प्रेरणास्त्रोतों और मार्ग दर्शकों पर भी नजर डालते हैं तो हमें कुछ और ही दृश्य दिखाई देता है। आज के दौर में पहले जैसे प्रेरणास्त्रोत महापुरुषों की तो खैर कल्पना ही नहीं की जा सकती, परंतु उससे भी बड़ी त्रासदी यह है कि आज हमारे समाज का एक बड़ा वर्ग खासकर युवा वर्ग ऐसे लोगों को अपना आदर्श मानने लगा है या ऐसे लोगों से प्रेरित हो रहा है जो अपराधी हैं, हत्यारे व दुष्कर्मी हैं, गुंडे और मवाली प्रवृति के लोग हैं। इससे भी बड़ा दुर्भाग्य यह है कि अब समाज द्वारा किसी की अच्छाई बुराई या उसके पक्ष अथवा विपक्ष में खड़े होने या बोलने का निर्णय उसके धर्म, संप्रदाय व जाति के अनुसार किया जाने लगा है।

**इन दिनों पेशेवर अपराधियों का भी महिमामंडन किया जाने लगा है। जो अपराधी भारत से लेकर विदेशों तक जबरन पैसे वसूली के रैकेट चला रहे हैं, वे अपने धर्म या जाति का चोला ओढ़कर स्वयं को अपने समाज के आदर्श पुरुष के रूप में स्थापित करने लगे हैं।**

गत एक दशक में भारत में ऐसी सैकड़ों मिसालें देखने को मिल जाएंगी, जिसमें न केवल बड़ी भीड़ द्वारा बल्कि सत्ता के संरक्षण तक में हत्यारों का महिमामंडन किया गया है। दुष्कर्मियों, सामूहिक और सामूहिक हत्या के दोषियों को मान सम्मान दिया गया है। कहीं राज्यों द्वारा सरकारी स्तर पर ऐसे अपराधियों को जेल से रिहाई दिलाई गई। सामूहिक दुष्कर्मियों व सामूहिक हत्या के दोषियों को रिहा करने की गरज से सरकार द्वारा ऐसे अपराधियों को 'चरित्रवान' होने का प्रमाणपत्र जारी किया गया। कहीं अपने राजनैतिक हित साधने के लिए दुष्कर्मी व सामूहिक हत्या के ऐसे ही दोषी को जरूरत से ज्यादा बार जेल से पैरोल पर रिहा किया गया। हद तो यह है कि केवल धर्म के आधार पर जम्मू कश्मीर में कठुआ की एक आठ साल की मासूम बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने व उसकी हत्या कर लाश जंगलों में फेंकने वाले लोगों के समर्थन में जम्मू कश्मीर सरकार के मंत्री व विधायक व पार्टी कार्यकर्त्ता तक जुलूस निकालते, धरना देते व तिरंगा यात्रा तक निकालते दिखाई दिए।



अब इन दिनों इसी अपराधपूर्ण प्रवृति में एक नया ट्रेंड दिखाई देने लगा है। पेशेवर अपराधियों व सरगनाओं व गैंगस्टर का भी महिमामंडन किया जाने लगा है। जो अपराधी भारत से लेकर विदेशों तक जबरन पैसे वसूली के रैकेट चला रहे हैं, वे अपने धर्म या जाति का चोला ओढ़कर स्वयं को अपने समाज के आदर्श पुरुष व प्रेरणास्त्रोत के रूप में स्थापित करने लगे हैं। मजे की बात तो यह है कि ऐसे अपराधियों को उनसे सम्बंधित समाज का ही नहीं बल्कि राजनीतिज्ञों का भी समर्थन हासिल हो रहा है। यह स्थिति अचानक पैदा नहीं हुई है बल्कि मात्र अपने राजनैतिक लाभ के लिए सांप्रदायिक व जातिवादी ताकतों द्वारा धीरे-धीरे देश में ऐसा माहौल पैदा किया जा चुका है कि महापुरुषों के अभाव के वर्तमान दौर में आज हत्यारे, दुष्कर्मी गुंडे व मवाली किस्म के लोगों को ही लोगअपना आदर्श मानने लगे हैं। साफ शब्दों में उनका चरित्र उनके अपराध से नहीं बल्कि उनके धर्म व जाति से तय किया जाने लगा है।

वैसे सच पूछिए तो यह स्थिति भारत में एक न एक दिन पैदा होनी ही थी। क्योंकि जब महात्मा गांधी के रूप में आजाद भारत में पहली राजनैतिक हत्या नाथू राम गोडसे द्वारा की गई, उसी समय से एक वर्ग विशेष गोडसे के समर्थन में भी खड़ा हो गया था। उसी विचारधारा व मानसिकता के लोग आज तक गांधी को अपमानित करते व हत्यारे गोडसे का महिमामंडन करते आ रहे हैं। जाहिर है किसी अपराधी व हत्यारे के महिमांडन की प्रवृति ने यही रूप लेना था जो आज हमें दिखाई दे रहा है। चाहे वह कठुआ में आठ वर्षीय आसिफा के दुष्कर्मी व हत्यारे हों या राजस्थान का हत्यारा शम्भू रैगर, चाहे वे गुजरात में बिल्कीस बानो व उनके परिवार के हत्यारे व सामूहिक दुष्कर्मी हों या बनारस विश्वविद्यालय के दुष्कर्मी आईटी सेल के लोग या फिर इन जैसे और सैकड़ों उदाहरण,और अब पैसा वसूली करने वाले गैंगस्टर्स का किया जाने वाला महिमामंडन, निश्चित रूप से ये मिसालें हमें यह सोचने के लिए मजबूर करती हैं कि क्या अब हमारे आदर्श, हत्यारे, दुष्कर्मी, गुंडे मवाली व गैंगस्टर्स ही रह गए हैं? क्या भारत अब इन्हीं से प्रेरणा लेकर विश्वगुरु पार्ट 2 बनने की तैयारी कर रहा है?

# वानखेड़े में पहले दिन गिरे 14 विकेट

## जडेजा ने खोला पंजा, भारत ने न्यूजीलैंड को पहली पारी में 235 रन पर समेटा




### भारत पहली में 86 पर चार विकेट गवांकर संकट में

**मुंबई, वार्ता :** रवींद्र जडेजा (पांच विकेट) और वॉशिंगटन सुंदर (चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारत शुक्रवार को तीसरे टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड को 235 के स्कोर पर समेटने के बाद 86 रन पर रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, मोहम्मद सिराज और विराट कोहली के विकेट गंवाकर संकट में दिखाई दे रहा है।

बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने सातवें ही ओवर में कप्तान रोहित शर्मा (18) का विकेट गवां दिया। इसके बाद एजाज पटेल ने यशस्वी जायसवाल (30) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। नाईट वॉचमैन मोहम्मद सिराज आते ही शून्य पर पगबाधा हो कर लौट गये। इसके बाद अखिरी ओवर में विराट कोहली (4) गैरजिम्मेदाराना तरीके से रनआउट हुए। दिन का खेल समाप्त होने के समय भारत ने चार विकेट पर 86 रन बना लिए थे और शुभमन गिल (नाबाद 31) और ऋषभ पंत (नाबाद 01) क्रीज पर थे। न्यूजीलैंड की ओर से एजाज पटेल ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। वहीं मैट हेनरी को एक विकेट मिला।

इससे पहले यहां वानखेड़े स्टेडियम में न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। न्यूजीलैंड ने सुबह के सत्र में भोजनकाल तक तीन विकेट पर 92 बनाए थे। भोजनकाल के बाद शतक की ओर बढ़ रहे विल यंग (71) को 43वें ओवर में जडेजा ने आउट कर न्यूजीलैंड को चौथा झटका दिया। विल यंग और डेरिल मिचेल के बीच चौथे विकेट के लिए 87 रनों की साझेदारी हुई। इसी ओवर में जडेजा ने टॉम ब्लंडल (00) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। 53वें ओवर में ग्लेन फिलिप्स (17) को अपना शिकार बनाया।




पहले सत्र में न्यूजीलैंड ने 92 पर तीन विकेट गवां थे। वहीं दूसरे सत्र में 100 रन पर तीन विकेट खोये। दूसरे सत्र में दो बल्लेबाजों ने अपने अर्धशतक पूरे किए। तीसरे सत्र की शुरुआत में न्यूजीलैंड ने 43 रन जोड़कर चार विकेट गवांये। चायकाल के बाद जडेजा ने ईश सोढ़ी (07) को पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद उन्होंने मैट हेनरी (00) को बोल्ड कर दिया। 66वें ओवर में वॉशिंगटन सुंदर ने डैरिल मिचेल (82) को आउट कर न्यूजीलैंड को बड़ा झटका दिया। इसी ओवर में एजाज पटेल (07) वॉशिंगटन का चौथे शिकार बने। इसी के साथ न्यूजीलैंड की पहली पारी 65.4 ओवर में 235 पर सिमट गई। सुबह पहले सत्र में चौथे ओवर में आकश दीप ने डेवान कॉन्वे (04) को पगबाधा आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये विल यंग ने कप्तान टॉम लेथम के साथ दूसरे विकेट के लिए 44 रन जोड़े। 16वें ओवर में वॉशिंगटन सुंदर ने कप्तान टॉम लेथम (28) को बोल्ड कर भारत की झोली में दूसरा विकेट डाला।

इसके बाद रचिन रवींद्र (05) को भी वॉशिंगटन ने 20 ओवर में बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। भारत की ओर से रवींद्र जडेजा ने पांच विकेट लिए, वॉशिंगटन सुंदर को चार विकेट मिले। आकाश दीप ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

### स्कोर बोर्ड

| न्यूजीलैंड पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| टॉम लेथम बो सुंदर | 28 | 44 | 3 | 0 |
| डेवान कॉन्वे पगबाधा बो आकाश | 04 | 11 | 1 | 0 |
| विल यंग का रोहित बो जडेजा | 71 | 138 | 4 | 2 |
| रचिन रविंद्र बो सुंदर | 05 | 12 | 0 | 0 |
| डैरिल मिचेल का रोहित बो सुंदर | 82 | 129 | 3 | 3 |
| टॉम ब्लंडल बो जडेजा | 00 | 3 | 0 | 0 |
| ग्लेन फिलिप्स बो जडेजा | 17 | 28 | 1 | 0 |
| ईश सोढ़ी पगबाधा बो जडेजा | 07 | 19 | 1 | 0 |
| मैट हेनरी बो जडेजा | 00 | 2 | 0 | 0 |
| एजाज पटेल पगबाधा बो सुंदर | 07 | 16 | 0 | 1 |
| विलियम ओरूर्क नाबाद | 01 | 1 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 13 रन

कुल : 65 .4 ओवर में 235 रन पर ऑलआउट

विकेट पतन: 1-15, 2-59, 3-72, 4-159, 5-159, 6-187, 7-210, 8-210, 9-228, 10-235

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| मोहम्मद सिराज | 6 | 0 | 16 | 0 |
| आकाश दीप | 5 | 0 | 22 | 1 |
| आर अश्विन | 14 | 0 | 47 | 0 |
| वॉशिंगटन सुंदर | 18 .4 | 2 | 81 | 4 |
| रवींद्र जडेजा | 22 | 1 | 65 | 5 |

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो पटेल | 30 | 52 | 4 | 0 |
| रोहित का लेथम बो हेनरी | 18 | 18 | 3 | 0 |
| शुभमन गिल नाबाद | 31 | 38 | 2 | 1 |
| मोहम्मद सिराज पगबाधा बो पटेल | 00 | 1 | 0 | 0 |
| विराट कोहली रन आउट | 04 | 6 | 1 | 0 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 01 | 1 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 02 रन

कुल : 19 ओवर में चार विकेट 86 रन

विकेट पतन: 1-25, 2-78, 3-78, 4-84

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| मैट हेनरी | 5 | 1 | 15 | 1 |
| विलियम ओरूर्क | 2 | 1 | 5 | 0 |
| एजाज पटेल | 7 | 1 | 33 | 2 |
| ग्लेन फिलिप्स | 4 | 0 | 25 | 0 |
| रचिन रविंद्र | 1 | 0 | 8 | 0 |

## देश के लिए सबसे अधिक विकेट लेने वाले पांचवें गेंदबाज बने जडेजा

**मुंबई, वार्ता :** भारतीय ऑलराउंडन रविंद्र जडेजा शुक्रवार को न्यूजीलैंड के साथ खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच में पांच विकेट झटकर भारत के लिए सबसे अधिक टेस्ट विकेट लेने वाले शीर्ष पांच गेंदबाजों में शामिल हो गए है। जडेजा ने शुक्रवार को अपने 12वें ओवर में पहले विल यंग का विकेट लिया। इसके बाद पारी का 61वां ओवर में जडेजा ने फिर दो विकेट झटके। उन्होंने मैच में 22 ओवर के स्पेल में 65 रन देकर पांच विकेट लिए। यह 14वीं बार है जब जडेजा ने टेस्ट क्रिकेट में पांच विकेट झटके है। उन्होंने इस मैच में तीसरा विकेट लेकर यह उपलब्धि हासिल कर उन्होंने पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज जहीर खान और ईशान शर्मा का रिकॉर्ड तोड़ दिया। जडेजा के खाते में अब 312 टेस्ट विकेट हो गए है। जहीर-ईशांत ने 311 विकेट लिए है। जडेजा के नाम अब 314 टेस्ट विकेट हो गए हैं।

## पाकिस्तान ने भारत को छह विकेट से हराया

**हांगकांग, वार्ता :** रॉबिन उथप्पा की अगुवाई वाली भारतीय टीम को शुक्रवार को हांगकांग सिक्सेस टूर्नामेंट में पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह ओवर में दो विकेट पर 119 रन बनाए। भरत चिपली ने 16 गेंदों पर (53) और कप्तान रॉबिन उथप्पा ने आठ गेंदों पर 31 रन बनाए। भारत के 119 रनों के जवाब में पाकिस्तान ने बिना कोई विकेट खोए पांच ओवर में 120 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से जीत लिया। पाकिस्तान के लिए आसिफ अली 14 गेंदों पर (55) रन की पारी खेलने के बाद रिटायर हो गए। मुहम्मद अखलाक ने 12 गेंदों पर (नाबाद 40) और फहीम अशरफ ने पांच गेंदों में (नाबाद 22) रनों की पारी खेली। उल्लेखनीय है कि इस टूर्नामेंट में कुल 12 टीमें हिस्सा ले रही है। हर एक टीम में छह खिलाड़ी शामिल है। टीमों को चार पूल में बांटा गया है।

## धौनी बतौर अनकैप्ड खिलाड़ी रिटेन



**मुंबई, वार्ता :** आईपीएल के मेगा ऑक्शन-2024 के लिए सभी 10 टीमों ने प्लेयर्स के रिटेंशन की लिस्ट जारी कर दी है। 5 बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने 5 प्लेयर्स को रिटेन किया है। पूर्व कप्तान एमएस धौनी बतौर अनकैप्ड खिलाड़ी चेन्नई की ओर से खेलेंगे। वहीं, दिल्ली कैपिटल्स ने कप्तान ऋषभ पंत को रिलीज कर दिया है और अब वो ऑक्शन में उतरेंगे। पंत 2016 से दिल्ली के साथ थे और 2022 में वह इस फ्रेंचाइजी के कप्तान भी बन गए थे। लखनऊ सुपर जायंट्स ने केएल राहुल और कोलकाता नाइटराइडर्स ने कप्तान श्रेयस अय्यर को रिलीज कर दिया है। हेनरिक क्लासन सबसे महंगे रिटेन हुए। उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद ने 23 करोड़ में अपनी टीम में बनाए रखा।

## सार संक्षेप

### दीपों की रोशनी से जगमगाया केडी सिंह स्टेडियम का हैंडबॉल कोर्ट

**लखनऊ :** रोशनी के पर्व दीपावली पर केडी सिंह बाबू स्टेडियम के हैंडबॉल कोर्ट पर उत्सव जैसा नजारा था। यहां दीयों से आकर्षक सजावट के साथ मनमोहक रंगोली और मोमबत्ती से कोर्ट सजाया गया था जिसमें कुछ खिलाड़ियों ने हैंडबॉल के खेल को बखूबी दर्शाया था। इस दौरान डा.आनन्देश्वर पाण्डेय (महासचिव उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ व उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ) व विनय कुमार सिह(कोषाध्यक्ष उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ) सहित सुमंत पाण्डेय (सचिव, लखनऊ जिला हैंडबॉल संघ) ने पहले पूजन किया और फिर खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी कि वो दीयों की तरह अपने खेल की चमक की रोशनी चहुंओर फैलाएं। अंतर्राष्ट्रीय हैंडबॉल कोच मो.तौहीद की अगुवाई में हैंडबॉल प्लेयर्स ने कोर्ट सजाया था और फिर पूजन के बाद रोशनी करते ही पूरा कोर्ट आकर्षक जगमगाहट से चमक उठा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में हैंडबॉल संघ के पदाधिकारी सहित सीनियर व जूनियर हैंडबॉल खिलाड़ी भी मौजूद थे जिन्होंने सभी को दीपावली की बधाई दी।

### टूर डी सनावर साइकिलिंग में जुटेंगे देश भर के साईकलिस्ट

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के सनावर स्थित दी लॉरेंस स्कूल ने हीरो साईकल्स और ओल्ड सनावरियन सोसाईटी (ओएसएस) के सहयोग से देश की सबसे बड़ी इंटर स्कूल साईकलिंग कंपीटिशन टूर डी सनावर के पांचवें संस्करण की घोषणा की है जो कि समुंद्र तल की उचाई 1750 मीटर स्थित 177 वर्ष पुराने स्कूल कैंपस में तीन नवंबर 2024 को आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य भारत के हर स्कूल में साइकिलिंग को बढ़ावा देना है। साथ ही एक नेशनल लीग स्थापित करने की योजना भी है। इस रेस में 16 स्कूलों और बेंगलूरु, पुणे और गुवाहाटी सहित बीस से अधिक शहरों से 175 से भी अधिक प्रतिभागी भाग लेंगें। हिमाचल सरकार के युवा सेवाएं और खेल के निदेशक और मुख्यमंत्री के प्रधान निजी सचिव तथा विशेष सचिव विवेक भाटिया (आईएएस) जो कि स्वयं उत्साही और शौकीन साईकलिस्ट हैं इस अवसर पर मुख्य अतिथि होंगें।

### पैराग्लाइडिंग करते समय गिरने से विदेशी पायलट की मौत

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश की पर्यटन नगरी मनाली के प्रमुख पर्यटन स्थल मढ़ी में पैराग्लाइडिंग करते हुए गिरने से विदेशी महिला की मौत हो गई है। देर से प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक यह हादसा गत बुधवार को पेश आया। पुलिस ने मामला दर्जकर छानबीन शुरू कर दी है। चेक गणराज्य की नागरिक मिसुर्सवा डिटा केसका मढ़ी में पैराग्लाडिंग कर रही थीं। मिसुर्सवा खुद ही पैराग्लाइडर को उड़ा रही थीं। अचानक उसका ग्लाइडर क्रेश हो गया। चोट लगने के कारण महिला को मिशन अस्पताल में लाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मनाली के पुलिस उपाधीक्षक केडी शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक महिला के परिजनों को दूतावास के माध्यम से सूचना भेजी गई है।

## अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं के लिए रिंका को सरकार देगी आर्थिक मदद

● गोरखपुर, ब्यूरो

**विश्वकप** और एशियन किक बॉक्सिंग में रजत पदक जीतने वाली गोरखपुर की रिंका सिंह चौधरी को आगामी अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं के लिए योगी सरकार आर्थिक मदद देगी।

गोरखनाथ मंदिर में किक बॉक्सर रिंका से मुलाकात करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने किक बॉक्सर को भरोसा दिया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए सरकार धन की कमी आड़े नहीं आने देगी। जिले के खोराबार क्षेत्र स्थित गौरीमंगलपुर निवासी रिंका सिंह चौधरी ने 24 से 29 सितंबर तक उज्बेकिस्तान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय किक बॉक्सिंग विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता और साथ ही उन्होंने कम्बोडिया में 06 से 13 अक्टूबर में आयोजित एशियन किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भी रजत पदक अपने नाम किया। अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपने जीते इन दोनों पदकों के साथ रिंका ने शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने रिंका के पदक देखकर खूब उत्साह बढ़ाया और शानदार प्रदर्शन



के लिए बधाई दी। मुलाकात के दौरान इस अंतरराष्ट्रीय किक बॉक्सर ने आगामी इंटरनेशल टूर्नामेंट के लिए आर्थिक दिक्कत का जिक्र कर सहायता का अनुरोध किया। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन पैसे की कमी से बाधित नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि रिंका की पूरी मदद की जाए। योगी ने रिंका को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद देते हुए यह मंगलकामना की कि आगामी अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में वह स्वर्ण पदक जीत कर देश और प्रदेश का नाम रोशन करेंगी।

## पहले वनडे में शतक से चूके लुईस

● नॉर्थ साउंड, वार्ता

**वर्षा** प्रभवित मैच में गुडाकेश मोती (चार विकेट) के बाद एविन लुईस (94) की तूफानी बल्लेबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने डकवर्थ लुईस पद्धीत के आधार पर इंग्लैंड को पहले एकदिवसीय मुकाबले में आठ विकेट से जीत दर्ज की। इसी के साथ वेस्टइंडीज ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली हैं। गुडाकेश मोती को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया।

इंग्लैंड के 209 रनों के जवाब में वेस्टइंडीज की ब्रैंडन किंग और एविन लुईस की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए 118 रन जोड़े। 20वें ओवर में लियाम लिविंगस्टोन ने ब्रैंडन किंग (30) को आउटकर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। 23वें ओवर में शतक की ओर बढ़ रहे एविन लुईस को आदिल रशीद ने आउटकर वेस्टइंडीज को बड़ा झटका दिया। एविन लुईस ने 69 गेंदों में आठ छक्के और पांच चौके लगाते हुए (94) रनों की पारी खेली। बारिश के कारण खेले



रोके जाने के समय कीसी कार्टी (नाबाद 19) और शाई होप (नाबाद छह) रन बनाकर क्रीज पर थे। उस समय वेस्टइंडीज का स्कोर 25.2 ओवर में दो विकेट पर 157 रन था। डकवर्थ लुईस पद्धित के आधार पर 55 गेंदे शेष रहते वेस्टइंडीज को आठ विकेट से विजयी घोषित किया गया। इंग्लैंड की ओर से लियाम लिविंगस्टोन और आदिल रशीद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले वेस्टइंडीज ने

### वर्षा बाधित मुकाबले में वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को आठ विकेट से हराया

टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने नौवें ओवर में फिल साल्ट (18) का विकेट गवां दिया। इसके बाद तो इंग्लैंड के विकेट अंतराल पर गिरते रहे। विल जैक्स (19) रन बनाकर आउट हुए। इन दोनों बल्लेबाजों को जेडन सील्स ने आउट किया। जॉर्डन कॉक्स (17) तीसरे विकेट के रूप में आउट हुए। 19वें ओवर में मैथ्यू फॉरडे ने जैकब बेथेल (27) को आउट किया। कप्तान लिविंगस्टोन ने टीम के लिए सर्वाधिक (48) रनों की पारी खेली। सैम कर्रन (37), आदिल (15), डैन मूसली (8) और जोफ्रा आर्चर (5) रन बनाकर आउट हुए। वेस्टइंडीज के गेंदबाजी आक्रमण के आगे इंग्लैंड की पूरी टीम 45.1 ओवर में 209 पर सिमट गई।

## रोमांचक मुकाबले में जीता हरियाणा

### प्रो कबड्डी लीग: हरियाणा स्टीलर्स ने यूपी योद्धाज को 2 अंक से हराया

● हैदराबाद, वार्ता

**हरियाणा** स्टीलर्स ने गाचीबोवली के जीएमसीबी इंडोर स्टेडियम में खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 26वें मैच में यूपी योद्धाज को 30-28 से हरा दिया। यूपी को पांच मैचों में दूसरी हार है जबकि हरियाणा को चार मैचो में तीसरी जीत है।

हरियाणा की जीत में संजय (हाई-5) के अलावा विनय (8) और शिवम पटारे (5) का अहम रोल रहा। यूपी के लिए सुपर सब गगन गौड़ा (9) ने सराहनीय खेल दिखाया लेकिन अपनी टीम को हार से नहीं बचा सके। उनके अलावा यूपी का कोई और रेडर चल नहीं सका। यूपी को हालांकि इस मैच से एक अंक मिला। गुजरात ने अच्छी शुरुआत करते हुए शुरुआती 6 मिनट में 5-1 की बढ़त ले ली। अब यूपी के लिए सुपर टैकल आन था। विनय डू ओर डाई रेड पर आए लेकिन आशू ने उन्हें लपक लिया। अब स्कोर 3-5 हो गया था और भरत की




वापसी भी हो गई थी। आते ही भरत ने सुपर रेड के साथ यूपी को 6-5 से आगे कर दिया। अब हरियाणा के लिए सुपर टैकल आन था। अगली रेड पर हालांकि वह सुपर टैकल कर लिए गए। अब हरियाणा 7-6 से आगे थे। विनय लगातार डू ओर डाई रेड कर रहे थे। उन्होंने एक और सफल रेड के साथ हरियाणा को 2 अंक से आगे कर दिया। इसी बीच संजय ने हाई-5 पूरा किया। दोनों टीमें लगातार डू ओर डाई पर खेल रही थीं। विनय आए और फिर अंक लेकर लौटे। अब हरियाणा की लीड 3 की हो चुकी थी। हालांकि अगले ही पल भरत ने शादलू का शिकार कर लिया। डू ओर डाई रेड्स के नाम रहे पहले हाफ में हरियाणा ने 11-9 की बढ़त के साथ पाला बदला।

रेड में दोनों टीमों को 4-4 अंक मिले लेकिन टैकल में हरियाणा ने संजय की बदौलत चार के मुकाबले सात अंक हासिल किए। हाफटाइम के बाद चार मिनट के खेल में हरियाणा को दो और यूपी को एक अंक मिला। हरियाणा ने तीन अंक की बढ़त बना ली थी। इसी बीच साहुल ने विनय का शिकार कर बर्थडे ब्वाय भरत को 15 मिनट बाद रिवाइव कराया लेकिन लपके गए। फिर शिवम ने दो अंक की रेड के साथ हरियाणा की लीड पांच प्वाइंट की कर दी। यूपी के लिए सुपर टैकल आन था। गगन ने हालांकि शादलू का शिकार कर इस स्थिति को टाल दिया। विनय हालांकि उसे फिर उसी स्थिति में ले आए। इसी के साथ शादलू का रिवाइवल हुआ।

## तमिल थलाइवाज ने गुजरात को 19 अंक से हराया

**हैदराबाद, वार्ता :** नरेंदर, सचिन तंवर और साहिल गुलिया के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत तमिल थलाइवाज ने गाचीबोवली के जीएमसीबी इंडोर स्टेडियम में खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 25वें मैच में गुजरात जाएंट्स को 44-25 के अंतर से हरा दिया। पांच मैचों में थलाइवाज की यह तीसरी जीत है जबकि गुजरात को चार मैचों में तीसरी हार मिली है। नरेंदर ने इस मैच में 15 अंक जुटाए जबकि सचिन ने पांच और डिफेंस से साहिल ने पांच और नितेश तथा आमिरमोहम्मद बस्तामी ने चार-चार अंक बटोरे। गुजरात की टीम दो बार आलआउट हुई। उसके रेडर नहीं चल सके। एचएस राकेश सिर्फ तीन अंक ले सके जबकि गुमान के खाते में सात अंक आए। डिफेंस में रोहित ही सिर्फ तीन अंक ले सके। दोनों टीमों ने बोनस से शुरुआत की लेकिन नरेंदर ने दो अंक की रेड के साथ थलाइवाज को 3-1 से आगे कर दिया। गुमान गुजरात के लिए लगातार अंक ले रहे थे। 2-4 के स्कोर पर दो अंक की रेड के साथ उन्होंने स्कोर 4-4 कर दिया। चौथे मिनट में थलाइवाज ने अपना पहला शिकार किया। फिर सचिन ने रनिंग हैंड टच के साथ स्कोर 7-4 कर दिया। इसके बाद गुजरात ने लगातार दो अंक लेकर स्कोर 6-7 कर दिया। अगली रेड पर हालांकि वह आउट हो गए लेकिन गुमान ने आशीष को बाहर कर इसका हिसाब बराबर किया। सचिन भी हाथ खोलने लगे थे। अपने तीसरे अंक के साथ उन्होंने थलाइवाज को 11-8 से आगे कर दिया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)

CMYK